हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 11 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम 25.8 डिग्री

न्यूनतम 11.9 डिग्री

## इंदौर से दोगुना बड़ा है रायपुर का स्टेडियम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भगदड़ की घटना के बाद ऐसे होम ग्राउंड की तलाश में है, जहां बेहतर सुरक्षा के साथ-साथ बड़ी दर्शक क्षमता भी हो। इस कड़ी में टीम की नज़र इंदौर और रायपुर दोनों विकल्पों पर थी, लेकिन रायपुर अब सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरा है। होलकर स्टेडियम, इंदौर में जहां सिर्फ 30,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था है, वहीं रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 60,000 से ज्यादा दर्शकों की क्षमता है। सिर्फ सीटिंग ही नहीं, रायपुर स्टेडियम पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था के मामले में भी इंदौर से कहीं आगे है। विराट कोहली की लोकप्रियता और भीड़ नियंत्रण एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में आरसीबी के लिए रायपुर एक सुरक्षित और विशाल विकल्प नजर आ रहा है। बता दें कि खुद विराट कोहली ने भी रायपुर में दिसंबर में शानदार शतक जड़ा था, जिससे यहां की पिच और माहौल को लेकर टीम के भीतर सकारात्मक रुझान है।

### मैच होने की पूरी संभावना

रायपुर में आरसीबी से 2 से 5 मैच होने की पूरी संभावना है। आरसीबी टीम मैनेजमेंट पहले ही रायपुर का मैदान निरीक्षण कर चुका है। अब केवल आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

- **विजय शाह**, डायरेक्टर, छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ

*आईपीएल 2026 में आरसीबी के होम ग्राउंड के रूप में रायपुर सबसे मजबूत दावेदार*


# छत्तीसगढ़ को मिलेगा आईपीएल का तोहफा, रायपुर में होंगे आरसीबी के 2 से 5 मैच!, क्योंकि यहां स्टेडियम में सीट 60 हजार से अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। वनडे और टी-20 मैचों के बाद अब रायपुर में पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले आयोजित होने की पूरी संभावना है। जानकारी के मुताबिक, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इस सीजन के 2 से 5 मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा सकते हैं। आरसीबी टीम मैनेजमेंट पहले ही रायपुर का मैदान निरीक्षण कर चुका है। साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से इस संबंध में बातचीत भी हो चुकी है। अब सिर्फ आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। संघ के अधिकारियों का भी कहना है कि इस बार रायपुर में निश्चित रूप से आईपीएल मैच होंगे। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भगदड़ की घटना के बाद रायपुर को बनाएगा अपना होमग्राउंड



### 13 साल बाद लौटेगा आईपीएल का रोमांच

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अनुसार 2026 में रायपुर में इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले होने की पूरी संभावना है। अगर ऐसा होता है, तो पूरे 13 साल बाद छत्तीसगढ़ में आईपीएल का क्रेज फिर से देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि आखिरी बार रायपुर में आईपीएल 2013 में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला खेला गया था। इसके बाद से ही क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से आईपीएल मैच का इंतजार कर रहे थे।अब जबकि स्टेडियम बीसीसीआई के अधीन है और सभी सुविधाओं से लैस है, उम्मीद की जा रही है कि इस बार न सिर्फ आईपीएल मुकाबले होंगे, बल्कि विराट कोहली के साथ आरसीबी की पूरी टीम को एक्शन में देखने का भी मौका मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### दो आरा मिल से लाखों की लकड़ी जब्त

**रायपुर।** वन विभाग की फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने अभनपुर की दो आरा मिलों में छापा मारकर लाखों रुपए की कहवा तथा अन्य लकड़ियां जब्त की हैं। विभागीय अफसरों के अनुसार, शनिवार को गणेश तथा पीयूष आरा मिल में छापे की कार्रवाई की गई। मिल मालिकों से लकड़ी को लेकर वैध दस्तावेज दिखाए जाने कहने पर मिल मालिक दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। विभागीय अफसरों को दोनों आरा मिल में लंबे अरसे से अवैध रुपए से लकड़ी चीरने की जानकारी मिल रही थी। इस पर दोनों आरा मिल में छापे को कार्रवाई की गई।

### आयल आपूर्ति के नाम पर लाखों की ठगी

**रायपुर।** तिल्दा-नेवरा थाने में कोरबा के एक कारोबारी ने महाराष्ट्र की एक कंपनी के खिलाफ इंडस्ट्रियल आयल आपूर्ति करने के नाम पर 18 लाख 60 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आकाश तिल्दा स्थित विकचनारी रिफाइनरी के पार्टनर हैं, ने शिकायत दर्ज कराई है। आकाश ने पुलिस को बताया कि फेसबुक पर मुंबई स्थित एल. फतह पालीमर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के संचालक ने कम कीमत पर इंडस्ट्रियल आयल देने विज्ञापन जारी किया था। विज्ञापन के झांसे में आकार आकाश ने संचालक से संपर्क कर ऑयल आपूर्ति का आर्डर दिया। साथ ही आरटीजीएस के माध्यम से रकम ट्रांसफर की। पैसे ट्रांसफर करने के बाद भी ऑयल आपूर्ति नहीं होने पर आकाश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### सूने मकान में धावा 13 हजार की चोरी

**रायपुर।** प्रोफेसर कालोनी सेक्टर-3 स्थित एक सूने मकान में चोरी हो गई। घटना 6 जनवरी की दरमियानी रात की है। प्रार्थिया कमला सोनी ने पुरानी बस्ती थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना के समय उसके घर पर ताला लगा हुआ था। घर के सभी लोग बाहर गए थे। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखे चांदी के सिक्के, कांसे के बर्तन एवं नकदी सहित कुल 13 हजार रुपए चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 331-4, 305 के तहत अपराध दर्ज किया है।

चार दिनों में ठीक होने वाली बीमारी अब दस से पंद्रह दिनों तक पीछा नहीं छोड़ रही

# मौसमी वायरल का बदला 'पैटर्न' सर्दी-जुकाम और बुखार के साथ गले में दर्द


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ठंड के मौसम में होने वाले वायरल संक्रमण ने पिछले कुछ समय से अपना स्वरूप बदला है। इस बार सर्दी-जुकाम की समस्या के साथ गले में दर्द और टांसिल बढ़ने जैसी समस्या सामने आ रही है। चिकित्सकों के मुताबिक सामान्यतः तीन से चार दिनों में ठीक होने वाली बीमारी इस बार दस से पंद्रह दिनों तक पीछा नहीं छोड़ रही है। इसके अलावा बुखार, जोड़ों में दर्द और कमजोरी जैसी समस्या वाले मरीजों की संख्या सरकारी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र में बढ़े हुए हैं। चिकित्सकों का कहना है कि ▶▶|शेष पेज 13 पर

- मौसमी बीमारी के रोजाना औसतन मरीज
- आंबेडकर अस्पताल में औसतन 200 मरीज
- जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीबन सौ मरीज
- विभिन्न हेल्थ सेंटरों में करीब तीन सौ मरीज

- बुखार के साथ जोड़ों का दर्द और कमजोरी की समस्या वाले मरीज भी बढ़े



### पंजीयन के लिए कतार

ठंड के मौसम में मौसमी बीमारी को छोड़कर अन्य तरह की शारीरिक समस्या काफी कम हो जाती है। आंबेडकर और जिला अस्पताल में प्रतिदिन होने वाली ओपीडी के लिए पंजीयन कराने वालों में ज्यादातर मरीज मेडिसिन विभाग से संबंधित होते हैं जिनमें 60 फीसदी की दिक्कत वायरल इंफेक्शन से संबंधित होती है। चिकित्सकों का तर्क है कि गले में दर्द, तेज बुखार, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द और अत्यधिक कमजोरी के मामले तेजी से बढ़े हैं।

### दोबारा लौट रही बीमारी

आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सक डा. वाय. मल्होत्रा के मुताबिक अस्पताल आने वाले कई मरीज ऐसे भी हैं जो दोबारा बुखार, दर्द, कमजोरी जैसी शिकायत लेकर आ रहे हैं। पहले दौर में होने वाले इंफेक्शन के दौरान मौसमी असर मानकर इसकी दवा लेते हैं। दो-तीन दिन में समस्या कम होने लगती और फिर अचानक तेज बुखार, शरीर टूटना, जोड़ों में दर्द और कमजोरी के साथ समस्या सामने आ जाती है। उनके मुताबिक बीमारी के दौरान दी जाने वाली दवा की निश्चित खुराक नहीं लेने की वजह से यह बीमारी वापस लौट आती है।

### डाक्टर के पास जाएं

मौसमी बीमारी अगर तीन से चार दिनों में ठीक नहीं हो रही है, तो चिकित्सकों के पास जाकर दवा लेना चाहिए। खानपान में बरती जाने वाली लापरवाही बीमार कर सकती है।

- **डा. मिथिलेश चौधरी**, सीएमएचओ

# नमीयुक्त हवा दिलाएगी ठंड से राहत सप्ताहभर धीरे-धीरे बढ़ेगा तापमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाली नमीयुक्त हवा सप्ताहभर कड़ाके की ठंड से राहत दिला सकती है। रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी और इसका ज्यादा असर उत्तरी इलाके में नजर आएगा। मौसम में हुए बदलाव की वजह से दिन में बादल छाने से ठंडकता का अहसास हुआ और पारा में सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। जनवरी का दस दिन ठीक ठाक ठंड के साथ बीता है। अब मौसम का मिजाज बदलने की वजह से 18 जनवरी तक कड़ाके की ठंड से राहत मिलने की संभावना है। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने साइक्लोन की वजह से मध्य स्तर पर हवा के साथ नमी आ रही है। इसका सीधा प्रभाव रात के न्यूनतम तापमान पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

- दिन में छाए बादल ने दिन में ठंडकता पारा नीचे उतरा

*नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर बेमुद्दत प्रदर्शन*

# डीएड अभ्यर्थियों का मौन व्रत, तीन की हालत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी सहायक शिक्षकों के 2300 रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने से नाराज प्रदेशभर के डीएड अभ्यर्थी कड़कड़ाती ठंड में नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आमरण अनशन के बाद मौन व्रत कर शासन का ध्यान आकर्षित करा रहे हैं। इनमें से 3 अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य बिगड़ने पर अभनपुर के स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए एंबुलेंस से ले जाया गया। धरना प्रदर्शन में जुटे अभ्यर्थी शिक्षण भर्ती 2023 में सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। अनशन के दौरान जिन 3 अभ्यर्थियों की धरना स्थल पर तबीयत खराब हुई, उनमें बस्तर के 36 वर्षीय श्रवण कुमार, बस्तर जिले से ही 26 वर्षीय बिंदेश्वरी, बालोद के ▶▶|शेष पेज 13 पर

- 21 दिसंबर से आमरण अनशन पर डीएड अभ्यर्थी



## 13 दिन से धरना दे रहे मध्यान्ह भोजन रसोइया



3 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों के मध्यान्ह भोजन रसोइया 13 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। इनमें बालोद जिले के 5 विकासखंडों से आए 1 हजार रसोइया शामिल हैं। ये रसोइया गुंडरदेही, डौंडीलोहारा, डौंडी, गुरूर और बालोद विकास खंड से नवा रायपुर के तूता में प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका रहना-खाना और सोने का ठिकाना धरना स्थल बना हुआ है। बालोद जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव ने हरिभूमि को बताया कि उनकी प्रमुख मांग कलेक्टर ▶▶|शेष पेज 13 पर

दिल्ली-मुंबई का एयर फेयर दस हजार से कम

# परीक्षाएं नजदीक आते ही कम हुआ सफर का दौर, विमानों का किराया भी सामान्य स्थिति में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

स्कूल-कालेज की परीक्षाएं नजदीक आते ही यात्रा करने का दौर कम हो गया है। इसका सीधा असर विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाले विमानों के एयर फेयर पर हुआ है। दिल्ली-मुंबई जैसे डिमांड वाले शहरों का टिकट भी दस हजार से कम खर्च में यात्रियों को आसानी से मिल रहा है।

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ठंड की छुट्टियों के दौरान काफी संख्या में लोगों ने अपनी यात्रा पूरी की थी। इसके बाद विमानों का सफर करने वालों की संख्या सामान्य होने लगी है। आने वाले दिनों में स्कूल-कालेजों की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी, जिसके बाद कामकाजी अथवा विशेष अवसरों पर यात्रा करने ▶▶|शेष पेज 13 पर



### रायपुर से विभिन्न शहरों का औसतन किराया

- दिल्ली एवं मुंबई 7000 से 1000 के बीच
- हैदराबाद का टिकट 65 सौ से 9 हजार
- कोलकाता का फेयर 75 सौ से 10 हजार के बीच
- पुणे की एकमात्र फ्लाइट का फेयर 14 हजार के करीब

### फ्लाइट आने की उम्मीद बनी हुई

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से आने वाले दिनों यानी गर्मी के दिनों में फ्लाइट की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। रायपुर से वर्तमान में इंडिगो और एयर इंडिया की फ्लाइट चलती है। विमानन सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में यहां कुछ अन्य विमानन कंपनी के आने की संभावना बन रही है। इसके लिए रायपुर से विभिन्न शहरों के बीच यात्रियों की संख्या की जानकारी भी जुटाई गई है। संभवतः इसकी घोषणा समर शेड्यूल के दौरान हो सकती है।




ROTARY CLUB
OF RAIPUR
COSMOPOLITAN
AAPKA HUMARA SABKA
GK TMT
Presents
COSMO
EXPO
2026
16th Edition
ISS BAAR AUR BHI
DHAMAKEDAAR
9th to 12th
January 2026
2pm to 10pm
Shriram
BUSINESS PARK
Vidhan Sabha Road, Raipur
TODAY'S MAIN EVENT
Kite
FESTIVAL
11th JAN 26
12 PM TO 5 PM
TAMBOLA
11th JAN 26
5 PM TO 7 PM
EVERYDAY SPECIAL
SPECIAL
DEALS & DISCOUNTS
DAILY LUCKY DRAW
9TH TO 12TH
JAN. 26
Today's Performances by-
Mefil-E-Alfaaz
BY ADITYA SINHA
MAGICIAN
JIBAN
• REAL ESTATE • ARCHITECTURE • INTERIORS • AUTOMOBILES • ELECTRONICS • BANKING
• EDUCATION • TECHNOLOGY • LIFESTYLE • FOOD & ENTERTAINMENT • GAME ZONE
IN ASSOCIATION WITH
CHAITANYA BUSINESS PARK
SRVs
ITSA HOSPITALS
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
GOLD SPONSOR
ALUSTIC
SKY TMT
MATS UNIVERSITY
बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
SILVER PARTNER
SeQR
pnb
ASSOCIATE SPONSOR
adani ACC
adani Ambuja Cement
CHHATTISGARH HERBALS
Chhattisgarh
IDBI BANK
MEDIA PARTNER
ASA
PIC PARTNER
Pic Xclusive
FOOD PARTNER
Raipur FOODIE Love
RADIO PARTNER

# रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग सेहत के लिए घातक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग के टाउन हॉल में जिला स्तरीय जैविक खेती कृषि मेला का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरंग नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने की। इस अवसर पर के. के. भरद्वाज, देवनाथ साहू, अशोक चंद्राकर, लुकेश साहू, हिरामन कोसले, नरेंद्र लोधी, श्रीमती पद्मनी साहू, चंद्रशेखर साहू एवं संतोष चंद्राकर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कृषकों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कृषि उत्पादन में रासायनिक उर्वरकों एवं जहरीले कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग अब खतरनाक स्तर तक पहुँच चुका है, जो मानव स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है। उन्होंने कहा कि मानव एवं पर्यावरण के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए जैविक खेती ही एकमात्र प्रभावी विकल्प है। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि सतीश अवस्थी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला एवं कृषकों से इस दिशा में आगे आने का आह्वान किया। कृषि विज्ञान केंद्र से आए वैज्ञानिकों ने जैविक खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी।

**जैविक खेती को लेकर जिला स्तरीय कृषि मेले का आयोजन, मंत्री खुशवंत साहेब हुए शामिल**



### खाद उपयोग की दी जानकारी

इफ्को से उपस्थित उप महाप्रबंधक द्वारा नैनो उर्वरक एवं नैनो डीएपी के उपयोग की जानकारी दी गई। इस अवसर पर ड्रोन दीदियों द्वारा ड्रोन संचालन का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। कृषि एवं उससे संबद्ध विभागों तथा निजी जैविक संस्थानों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनका मंत्री द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं जैविक प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र वितरित किए। साथ ही मत्स्य पालन विभाग अंतर्गत मत्स्य कृषकों को मत्स्य प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### मिनी मार्केट की 5 दुकानों में आग से लाखों की क्षति

**अभनपुर।** नया रायपुर सेक्टर-27 स्थित मिनी मार्केट में आग लगने की घटना सामने आई है, जिसमें पांच दुकानों को भारी नुकसान हुआ है। इस आगजनी में दुकानदारों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। दुकानदारों के अनुसार, दुकानों के पीछे पड़े कूड़े में आग लगी, जो धीरे-धीरे फैलते हुए दुकानों तक पहुंच गई। आग की चपेट में आने से गणेश्वर हार्डवेयर दुकान में लगभग 1 लाख रुपये, पुरुषोत्तम किराना दुकान में करीब 4 लाख रुपये, सिलाई दुकान में 1 लाख रुपये, गिफ्ट दुकान में लगभग 80 हजार रुपये और पान पैलेस में करीब 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बताया कि आग लगने की सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की टीम करीब 1 से डेढ़ घंटे की देरी से मौके पर पहुंची। देरी का कारण फायर ब्रिगेड वाहन के लिए चालक उपलब्ध नहीं होना बताया गया है। घटना की सूचना पर राखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगजनी के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### पी जामगांव में मड़ई मेला उत्सव आज

**अभनपुर।** ग्रामवासी के सहयोग से ग्राम पी जामगांव मे मड़ई मेला उत्सव का आयोजन 11 जनवरी रविवार को रखा गया है। हितेश गुप्ता ने जानकारी देते बताया कि उत्सव मे स्थानीय एवं आसपास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल होगे वही रात्रिकालिन कार्यक्रम धरती मे जागे फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कबीरधाम की प्रस्तुति होगी।

### चरौदा में मड़ई मेला 15 को

**आरंग।** ग्राम चरौदा में 15 जनवरी को भव्य मेला मडाई का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर जोर-शोर तैयारियां की जा रही है। इस अवसर पर पुष्पा साहू कृत लोककला मंच दुर्ग नवा बिहान सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। वही मड़ाई मेला को लेकर ग्रामीणों और बच्चों में खासा उत्साह है।

### नारा उपार्जन केंद्र में 40 हजार क्विंटल से अधिक का धान खुले आसमान के नीचे

**मंदिर हसौद।** जिला सहकारी बैंक चंदखुरी के अंतर्गत नारा धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के बाद परिवहन की सुस्त रफ्तार अब चिंता का विषय बनती जा रही है। 9 जनवरी तक केंद्र में कुल 48,100 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें सरना धान 47,546 क्विंटल, मोटा धान 522 क्विंटल तथा पतला धान मात्र 31 क्विंटल शामिल है।खरीदी के मुकाबले परिवहन की स्थिति बेहद कमजोर नजर आ रही है। अब तक केवल 7,692 क्विंटल सरना धान और 360 क्विंटल मोटा धान का ही परिवहन हो सका है। इस प्रकार कुल मिलाकर मात्र 8,052 क्विंटल धान ही गोदामों तक पहुंच पाया है, जबकि 40,048 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र में खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है।खुले में रखे धान को लेकर किसानों में नुकसान की आशंका बढ़ती जा रही है। मौसम में बदलाव या अचानक बारिश की स्थिति में धान खराब होने का खतरा बना हुआ है, जिसका सीधा असर किसानों और शासन दोनों पर पड़ सकता है।

### 10 दिनों से लापता आदमी की लाश मिली, हत्या की आशंका

**अभनपुर।** नवा रायपुर से लगे ग्राम पौता में शनिवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां 10 दिनों से लापता व्यक्ति का शव खेत के कुएं से बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान ग्राम पौता निवासी भोला राम बयां पिता महावीर बया उम्र लगभग 50 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि भोला राम 1 जनवरी को नहाने जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा लगातार तलाश किए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार को गांव के खेत स्थित एक कुएं से तेज दुर्गंध आने पर ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई। जब कुएं में झांककर देखा गया तो अंदर शव नजर आया। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही राखी थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

**कार्यक्रम :** हे भारत के राम जगो, मैं तुम्हें जगाने आया हूं: मंत्री टंकराम वर्मा

# टोहड़ा उमावि के वार्षिकोत्सव में भारतीय संस्कृति की प्रस्तुतियों ने किया रोमांचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

हर बच्चे में प्रतिभा होती है। किसी में पेंटिंग किसी में संगीत की, किसी में लेखनी की, किसी में कविता की, किसी में गायन की, बच्चो में जो प्रतिभा होती है, उसको बाहर लाने की जरूरत है, वो काम हमारे शिक्षक निभा रहे हैं मैं सबको बधाई देता हूं। उक्त बाते शनिवार को तिल्दा के टोहड़ा में उमावि में आयोजित वार्षिक उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कही। मंत्री ने शायराना अंदाज में कहा कि रावण का स्वयं वध करूंगा, कहने वाला राम जगे, दुष्ट शेष एक न बचेगा, कहने वाला श्याम जगे, मैं घर घर में राम नाम का अलख जगाने आया हूं। हे भारत के राम जगो, मैं तुम्हें जगाने आया हूं।उन्होंने कहा बच्चे बहुत प्रतिभावान होते हैं। हर बच्चे में प्रतिभा होती है। उसको निखारने की जरूरत होती है। आप अपना विचार बदले आपका जीवन बदल जाएगा। आपके जीवन में सुधार आ जाएगा। अच्छी चीज सोचिए। हमारी माताएं बच्चों को केवल जन्म ही नहीं देती, जन्म के साथ जीवन भी देती हैं और संस्कार भी देते हैं। शिक्षा कहीं भी मिल जाएगी, डिग्री, नौकरी कहीं भी मिल जाएगी लेकिन संस्कार कहीं नहीं मिलेगा,इस मौके पर मंत्री ने वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए सभी बच्चों से कहा कि इस उत्सव के बाद अब वह पढ़ाई में लग जाए और होकर स्कूल कहां और अपने परिजनों का नाम रोशन करेंगे ऐसा मुझे विश्वास है.आईएस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।





इसके पहले मंत्री टंकराम वर्मा का ग्राम टोहडा पहुंचने पर ग्रामीणों के द्वारा ढोल बाजे के साथ स्वागत किया। पश्चात वे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनांए जा रहे वार्षिक उत्सव में शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया उसके बाद शाला का प्रतिवेदन मंत्री जी के समक्ष पढ़ा गया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं के दवारा सास्क्रतिक कार्यक्रम प्रसतुत किए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा, विद्यालय की उपलब्धियों और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। छात्रों ने परिवार के महत्व पर आधारित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। भारतीय त्योहारों पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं।सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वर वंदना से हुई। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा गांव के सरपंच पंच विद्यालय के शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बीईओ ने प्राचार्यों की बैठक में अपडेट रहने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के शैक्षिक हॉल में विकासखंड स्तरीय प्राचार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण एजेंडों एवं आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बीईओ शर्मा ने स्पष्ट किया कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में तकनीक का उपयोग एवं समयबद्ध कार्यप्रणाली अनिवार्य है।

उन्होंने अपार आईडी पूर्णता, छात्रों का आधार-एमबीयू प्रगति, छात्रवृत्ति पोर्टल, यू-डाइस प्रविष्टि तथा इंस्पायर अवार्ड में विद्यार्थियों के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही स्मार्ट क्लास के प्रभावी संचालन एवं पीएम ई-विद्या चैनल के नियमित उपयोग को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए 'मिशन उत्कर्ष 2025' के अंतर्गत विशेष कार्ययोजना तथा अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों के विश्लेषण पर भी विशेष फोकस किया गया। बीईओ शर्मा ने बैठक में शामिल नवनियुक्त प्राचार्यों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि समय के साथ स्वयं को अपडेट रखना ही एक सफल नेतृत्व की पहचान है। उन्होंने मध्याह्न भोजन में पूर्णतः एलपीजी के उपयोग, विद्यालय सेट-अप की सटीक जानकारी उपलब्ध कराने एवं बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा— "शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों को अपनाना और शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।" इस अवसर पर बीआरसीसी सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन, प्राचार्यगण सरोजिनी केरकेट्टा, राज्यश्री गुप्ता, श्रीराम बंडारू, सुरेंद्र उपरडे, दिलीप झा, संतोष देवांगन, चंदूलाल साहू, विनोद चंद्राकर, टिकेश्वरी चंद्राकर, प्रेमशिला एक्का, भारती श्रीवास, इंद्रजीत बिंद सहित संकुल समन्वयकगण प्रहलाद शर्मा, मनोज मुछावर, अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### छत्तीसगढ़ को मिलेगा आईपीएल का...

कितने मैच होंगे, ये जल्द साफ हो जाएगा। बता दें कि आईपीएल 2026 के लिए आरसीबी ने अपने पुराने होमग्राउंड चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु को हटाने का निर्णय लिया है। पिछले सीजन में वहां हुए हादसों और भगदड़ के कारण टीम अब नया विकल्प तलाश रही है। रायपुर और इंदौर को शॉर्टलिस्ट किया गया है, लेकिन आरसीबी की प्राथमिकता रायपुर मानी जा रही है। रायपुर के दर्शक विराट कोहली और उनकी टीम को राजधानी में लाइव मैंच में देख सकेंगे।

### मौसमी वायरल ...

ठंड के मौसम में सर्दी-खांसी, बुखार जैसी समस्या सामान्यतः होती रहती है। मौसमी वायरल समय-समय पर अपना स्वरूप बदलता है और इसका असर कभी कम तो कभी ज्यादा दिनों तक रहता है। इस बार वायरस सर्दी-जुकाम के साथ गले में इंफेक्शन और दर्द के रूप में लोगों को अपना शिकार बना रहा है। मौसमी बीमारी की समस्या लेकर अस्पताल पहुंचने वाले ज्यादातर मरीज गले से संबंधित परेशानी डाक्टरों को बता रहे हैं। चिकित्सकों का यह भी कहना है कि अभी होने वाली बीमारी दस से पंद्रह दिन तक असर दिखा रही है और मरीजों को एंटीबायोटिक दवा की डोज भी लेनी पड़ रही है। सर्दी-जुकाम के साथ वायरल फीवर, जोड़ों में दर्द और कमजोरी की समस्या वाले मरीज भी अधिक हैं। आंबेडकर अस्पताल के अलावा जिला अस्पताल, एम्स के साथ जिले के विभिन्न हेल्थ सेंटरों में भी प्रतिदिन मौसमी बीमारी से पीड़ित औसतन आठ सौ से एक हजार मरीज पहुंच रहे हैं।

### नमीयुक्त हवा दिलाएगी...

होने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी ठंड का जोरदार असर सरगुजा संभाग में है। वहां के मैनपाट, बलरामपुर, जशपुर सहित अन्य इलाकों में बर्फ जमने की स्थिति बनी हुई है। मौसम में होने वाले बदलाव का ज्यादा असर उसी इलाके में दिखेगा। वहीं मध्य हिस्से में भी आने वाली नमी कड़ाके की ठंड से राहत प्रदान करेगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी ठंड का मौसम समाप्त नहीं हुआ है। विक्षोभ हटने के बाद संभवतः जनवरी के दूसरे पखवाड़े में ठंड का खासा असर महसूस हो सकता है। कई बार ऐसी स्थिति बनी है जब जनवरी के अंतिम दिनों में सीजन की सबसे ठंडी रात गुजरी है। इधर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव शनिवार को दिन में बादल छाए रहे। इसके असर से दिन के अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट हुई और मौसम ठंडकता भरा रहा। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं दिन का अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर दर्ज किया गया।

### डीएड अभ्यर्थियों...

युवा कमलेश कुमार शामिल हैं, जिन्हें धरना स्थल से एंबुलेंस में उपचार के लिए भेजा गया। इधर छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन संयुक्त रसोइया संघ के आव्हान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों के रसोइए 13 वें दिन धरने पर रहे।

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर खुले आसमान के नीचे प्रदेश भर के डीएड अभ्यर्थी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों और प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का काम करने वाले रसोइए अपने लंबित मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। सीएफ भर्ती परीक्षा 2008 की प्रतीक्षा सूची वाले प्रदेश के 417 अभ्यर्थी 1 साल से अधिक समय बीतने के बाद भी नियुक्ति नहीं होने के विरोध में धरना प्रदर्शन के लिए जुटे हैं। उनका कहना है कि हम सिर्फ अभ्यर्थी नहीं है, हमारे साथ हमारी मां, पिता, पत्नी और बच्चे भी नियुक्ति की बाट जोह रहे हैं। पिछले 7 सालों से प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं की गई, हमें केवल आश्वासन दिया जा रहा है। धरना स्थल पर परिवार के साथ कई अभ्यर्थी धरना देने पहुंचे हैं जो ठिठुरती ठंड में अनजान शहर में आंदोलन का हिस्सा बने हैं।

विदित हो सीएसएफ में 3 हजार से ज्यादा पद रिक्त हैं, जबकि विभाग के पास 417 युवा वेटिंग लिस्ट वाले हैं। विभाग इन्हें भर्ती दे सकता है। धरना दे रहे छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों ने बताया कि जब मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को 1 वर्ष से अधिक समय के बाद नियुक्ति दी गई, तो प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों का हक क्यों छीना जा रहा है।

### 13 दिन से धरना दे रहे मध्यान्ह...

दर पर मानदेय दिलाने, सरकार द्वारा घोषित 50 फीसदी मानदेय वृद्धि को तत्काल लागू करने और छात्र संख्या कम होने के नाम पर रसोइया को हटाने की प्रक्रिया बंद करने की है। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन संयुक्त रसोइया संघ के अध्यक्ष रामराज कश्यप ने कहा है कि जब तक रसोइयों की मांग पूरी नहीं होती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### परीक्षाएं नजदीक आते ही कम हुआ...

वाले ही विमानों का उपयोग करेंगे। व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास ने बताया कि अभी फ्लाइट का सफर अपनी सामान्य स्थिति में आ गया है। रायपुर से प्रतिदिन यात्रा करने वालों की संख्या दो से तीन हजार के बीच हो चुकी है। यात्रियों की संख्या सामान्य होने के कारण विभिन्न शहरों के विमानों का किराया भी सामान्य हो चुका है। दिल्ली-मुंबई सहित अन्य शहरों का टिकट चौबीस घंटे पहले भी दस हजार रुपये से कम में मिल रहा है। सूत्रों का कहना है कि अब ज्यादा यात्रियों के सफर की शुरुआत परीक्षाएं खत्म होने और गर्मी की छुट्टी शुरू होने के बाद होगी। अभी उन शहरों का किराया अधिक है, जिसके लिए संचालित होने वाली फ्लाइट की संख्या कम है।

# माता शाकंभरी जयंती पर मरार पटेल समाज ने सब्जियां बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



मरार पटेल समाज द्वारा अभनपुर शास्त्री चौक मे माता शांकम्भरी के महोसत्व के अवसर प्रसाद स्वरूप फल व सब्जी वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज,नपा.अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,नपं.पूर्व अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन आदि प्रमुख अतिथियो के उपस्थिती मे सब्जी प्रसादी वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अशोक बजाज ने कहा कि मरार पटेल समाज द्वारा सब्जी वितरण कर लोगो के जीवन मे खानपान व शाकाहारी को बढ़ावा देना उद्देश्य है,उन्होने कहा कि हमारा आचरण,व्यवहार सनातनी व संस्कृति पूरक होना चाहिए,व्यवहार हमेशा धीर गंभीर होना चाहिए तभी हमारा जीवन सार्थक होगा,इसी विचारधारा को लेकर महात्मा सावित्री बाई फुले शिक्षा के क्षेत्र मे समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया है,जिसके लिए उन्हे जाना जाता है उन्होने समाज को व्यवसाय के साथ शिक्षा को बढ़ाने पर जोर दिया,जिससे कृषि को तकनीकी माध्यम से आज समाज आगे बढ़ रहा है। श्री बजाज ने कहा कि शाकाहारी व्यक्ति स्वास्थ की दृष्टि से अधिक ताकतवर होता है उन्होने प्रधानमंत्री का उदाहरण देते कहा कि वह 24 घंटे मे 15-20 घंटे काम करते है एक भी दिन छुट्टी नही मनाते उनके अंदर जो ऊर्जा है वह शाकाहार खानपान के कारण है तथा लोग शाकाहार अपना कर अपने स्वास्थ्य व जीवन को और अधिक उंचाईयो तक ले जा सकते है। समाज को जागरूक करने तथा क्षेत्र मे सब्जी वितरण करने परंपरा कई वर्षो से समाज जिलाध्यक्ष ईश्वर पटेल द्वारा शुरू की गई,आज गांव गांव मे इस आयोजन के माध्यम से सब्जी वितरण का कार्य किया जाता है तथा बड़े आयोजन इनके मार्गदर्शन मे हो रहे है। कार्यक्रम मे महेन्द्र पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष धमेन्द्र पटेल,कोषाध्यक्ष डॉ मधुसूदन पटेल,नेतूराम पटेल,अवध पटेल,महादेव पटेल,डॉ कमल पटेल,वेदव्यास पटेल,सुखेन्द्र पटेल, श्रीमति मीना साहू,श्रीमति चेतना गुप्ता,शारदा साहू,झड़ी पटेल,भारत देवांगन,सीता साहू,पूजा बघेल,बबला यादव, तिहारू पटेल,गोपेश पटेल,जगन्नाथ पटेल,मीनाक्षी मेश्राम,सीता साहू,संजय पटेल,योगेन्द्र पटेल,शरद पटेल,टेकराम पटेल,दुधारू पटेल,पंचू पटेल,डेमन पटेल, टैटू पटेल, लक्ष्मण पटेल,रिखिराम पटेल,सखाराम पटेल,सरोज पटेल,रामनिवास पटेल, संतोष पटेल,मिलन पटेल, नोहर पटेल सहित बड़ी संख्या मे मरार व सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

**विधायक शर्मा ने किए एक ही दिन में पांच विशाल सभाएं**

# नागपुर में गूंजी छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

महाराष्ट्र महानगरपालिका चुनाव 2026 के रण में अब छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की गूंज सुनाई दे रही है। भारतीय जनता पार्टी के 'स्टार प्रचारक' और धरसींवा विधायक, पद्मश्री अनुज शर्मा ने नागपुर में अपनी पहली चुनावी सभा के साथ ही विरोधियों के खेमे में खलबली मचा दी है। शुक्रवार को एक ही दिन में 05 विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए अनुज शर्मा ने न केवल भाजपा-शिवसेना-रिपाई (महायुति) का पक्ष रखा, बल्कि अपनी ओजस्वी वाणी से मतदाताओं, विशेषकर छत्तीसगढ़ी प्रवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया,,इस अवसर पर स्थानीय पूर्व नागपुर विधायक श्री कृष्णा भाई खोपड़े प्रमुख रूप से मौजूद रहे।





विधायक अनुज शर्मा ने अपने चिर-परिचित अंदाज में विपक्षी दलों पर सीधा प्रहार किया। उन्होंने अपने कहा की यह चुनाव केवल गलियों और नालियों का नहीं, बल्कि विकास की उस सोच का है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में स्थापित किया है। आज महाराष्ट्र सरकार और केंद्र की मोदी सरकार एक 'डबल इंजन' की तरह काम कर रही है। जिस तरह हमने छत्तीसगढ़ में कमल खिलाकर विकास की नई इबारत लिखी, ठीक उसी तरह महाराष्ट्र के हर शहर को विश्वस्तरीय बनाने के लिए आपको महायुति को चुनना होगा।

### अनुज शर्मा के गीतों पर झूमी महाराष्ट्र की जनता

सभा में उस वक्त भावुक कर देने वाला नजारा दिखा जब अनुज शर्मा ने अपने भाषण के बीच छत्तीसगढ़ की आराध्य देवी की महिमा में 'जस गीत' गुनगुनाया। नागपुर में बसे लाखों छत्तीसगढ़ी प्रवासियों के लिए यह पल गौरवपूर्ण था। अनुज शर्मा ने प्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि, आप जहां भी रहें, अपनी संस्कृति और सही नेतृत्व का साथ कभी न छोड़ें। महायुति का हर प्रत्याशी आपकी सेवा के लिए समर्पित है।

### महायुति के प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

अनुज शर्मा के साथ मंच पर महायुति के प्रत्याशी भी नजर आए, जो इस समय वार्डों में जमकर पसीना बहा रहे हैं। अनुज शर्मा की उपस्थिति ने स्थानीय कार्यकर्ताओं में नई जान फूंक दी है। चुनावी जानकारों का मानना है कि अनुज शर्मा को स्टार प्रचारक बनाकर भाजपा ने उन क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है जहां हिंदी भाषी और छत्तीसगढ़ी मतदाताओं की संख्या निर्णायक है।

# खम्हरिया में अशांति फैलाने वाले 8 बदमाश गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** शहर और ग्रामीण इलाकों में भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तिल्दा पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 'गुंडा पकड़ो' अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस ने ग्राम खम्हरिया में उत्पात मचा रहे 8 बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में बनाई गई अलग-अलग टीमें लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रही हैं। शुक्रवार शाम को सूचना मिली कि ग्राम खम्हरिया में कुछ युवक आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे हैं और गांव की शांति भंग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। शुरुआत में पुलिस ने युवकों को समझाइश देकर शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन युवक पुलिस के सामने ही विवाद करने लगे और लोगों को धमकाने लगे। बदमाशों के अड़ियल रवैये और अशांति फैलाने की कोशिश को देखते हुए पुलिस ने तत्काल 8 व्यक्तियों को हिरासत में लिया। आवेदक की शिकायत पर पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार किया। आरोपियों को एसडीएम न्यायालय तिल्दा नेवरा में पेश किया गया, जहाँ से अनुविभागीय दंडाधिकारी ने सभी के खिलाफ जेल वारंट जारी कर दिया। जेल भेजे गए आरोपियों के नाम अज्जू पोर्ते पिता देवभंज (22 वर्ष), सज्जू पोर्ते पिता देवभंज (20 वर्ष), नितेश पोर्ते पिता बलदाऊ (22 वर्ष), उमेश पोर्ते पिता मनोज (24 वर्ष), देवभंज पोर्ते पिता भैरव (50 वर्ष), रोशन पोर्ते पिता मेहतराम (24 वर्ष), सुनील पोर्ते पिता मेहतराम (39 वर्ष), सूरज पोर्ते पिता टेलर (23 वर्ष)। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में गुंडागर्दी और अशांति फैलाने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

रायपुर। पूर्व प्रधानमंत्री



लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर 11 जनवरी को शास्त्री चौक किनारे स्थित प्रतिमा स्थल के समक्ष पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित है। नगर निगम जोन 4 के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में पुष्पांजलि दी जाएगी।

## निधन

### शांतिलाल बोथरा

रायपुर। सदरबाजार निवासी शांतिलाल



बोथरा का 10 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 जनवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. भंवरलाल बोथरा के पुत्र और संदीप कुमार, सचिन कुमार, सुमीत, सौरभ बोथरा के पिता थे।

### शशिकांत मिश्रा

रायपुर। एमआर कॉलोनी टैगोर नगर



निवासी शशिकांत मिश्रा का 10 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 जनवरी को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अर्चना मिश्रा के पति, साकेत मिश्रा के पिता, पार्षद स्वप्निल मिश्रा के ससुर एवं रेवांश व सारांश मिश्रा के दादाजी थे।

### कृष्ण बिहारी अग्रवाल

रायपुर। ब्राह्मण पारा निवासी



संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर के सेवक कृष्ण बिहारी अग्रवाल (39) का 10 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। उनके निधन पर मंदिर के महंत राजेश शर्मा, पुजारी राजेश तिवारी, बंटी सोनी सहित उनके परिवार ने श्रद्धांजलि दी है।



### संजय मसीह

रायपुर। राजेंद्र नगर निवासी संजय मसीह का 9 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 जनवरी को सेंट पॉल कब्रिस्तान टिकरापारा में किया गया। वे स्व. क्लाडियस मसीह के पुत्र थे।

# वीबी जी राम जी के जनजागरण सम्मेलन पर आज भाजपा की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्र सरकार की वीबी जी राम जी योजना को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश संगठन ने भी प्रदेशभर में इस योजना को लेकर जन जागरण चलाने का फैसला किया है। जनवरी में पूरे माह प्रदेश में आयोजन होंगे। प्रदेशभर में होने वाले सम्मेलनों में जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा नेता शामिल होंगे, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय नेता भी सम्मेलनों के लिए आएंगे। कब कहां सम्मेलन होंगे, इसका फैसला रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में होने वाली कार्यशाला में होगा।

- प्रदेशभर के पदाधिकारी जुटेंगे

केंद्र सरकार ने मनेरगा के स्थान पर अब वीबी जी राम जी योजना प्रारंभ की है। इसको लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। इस योजना का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। ऐसे में अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने इस योजना को लेकर देश के सभी राज्यों में जन जागरण अभियान चलाने का फैसला किया है। राज्यों में इसके लिए टीम भी बनाई गई है। छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश टोली का गठन किया गया है। इसका प्रदेश संयोजक प्रदेश भाजपा के महामंत्री यशवंत जैन को बनाया गया है। इसी के साथ सदस्य भी बनाए गए हैं।

## केंद्र सरकार ने मनेरगा के स्थान पर अब वीबी जी राम जी योजना प्रारंभ की




### कार्यशाला में ये रहेंगे

11 जनवरी को सुबह 10 बजे से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला होगी। इसमें प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का मार्गदर्शन मिलेगा। पवन साय इस समय बंगाल के दौरे पर उनको वहां पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने 56 विधानसभाओं का जिम्मा दिया है। ऐसे में श्री साय कार्यशाला में बंगाल से ऑनलाइन जुड़ेंगे। इस कार्यशाला में सभी जिलाध्यक्ष, संभाग और जिलों के प्रभारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक, सहकारी बैंकों के अध्यक्षों को बुलाया गया है। इस कार्यशाला में सम्मेलनों की रूपरेखा तय होगी। कहां कब सम्मेलन होगा, इसमें कौन-कौन रहेंगे। कार्ययोजना के मुताबिक जिला पंचायत स्तर के साथ जनपद स्तर पर सम्मेलन करने के साथ ही सरपंचों का भी सम्मेलन किया जाएगा। अलग-अलग स्थानों में होने वाले सम्मेलनों में प्रदेश के मंत्री भी जाएंगे। इसी के साथ सम्मेलनों में विधायक, सांसद भी जाएंगे। कुछ सम्मेलनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी जाएंगे। इसी साथ राष्ट्रीय स्तर के भाजपा नेता भी सम्मेलनों के लिए आएंगे।

# यातायात आरक्षक के साथ मारपीट अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के पचपेड़ी नाका यातायात चौकी में नशे में धुत्त कार सवार तीन लड़कों के ड्यूटी में तैनात आरक्षक के साथ मारपीट तथा बदसलूकी करने की घटना सामने आई है। ट्रैफिक सिपाही की शिकायत पर पुलिस ने कार सवार लड़कों के खिलाफ मारपीट करने तथा शासकीय कार्य में बाधा डालने का अपराध दर्ज किया है।



- टिकरापारा थाना क्षेत्र के पचपेड़ी नाका में शुक्रवार देर रात की घटना
- कार सवार नशे में धुत्त लड़कों ने की मारपीट

डालेंद्र कुमार पाण्डेय की शिकायत पर पुलिस ने प्रभजीत सिंह, चरणजीत सिंह और गुरुप्रीत सिंह भाटिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। डालेंद्र ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह रात 11 बजे के करीब ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान विपरीत दिशा से लहराती हुई एक कार उसके करीब आकर रुकी। कार रोकने के बाद कार सवार लड़के उसके साथ गाली-गलौज करने लगे और उसकी वर्दी को लेकर अभद्र टिप्पणी की। ट्रैफिक सिपाही ने लड़कों के गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो लड़कों ने ट्रैफिक सिपाही की वर्दी उतरवा देने की धमकी देते हुए उसके साथ धक्का-मुक्की करते हुए हाथ मरोड़ दिया।

बीच-बचाव करने पहुंचा एक अन्य आरक्षक चंद्रकुमार वर्मा पहुंचा, तो कार सवार लड़कों ने उसके साथ भी बदसलूकी की। आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## एसटीपी के बिजली बिल खर्च में 25 फीसदी आएगी कमी

# कारा, निमोरा और चंदनीडीह एसटीपी में लगेगा सोलर प्लांट

## 3.79 करोड़ होंगे खर्च, सौर ऊर्जा से पर्यावरण संरक्षण में मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी की जीवनदायिनी खारुन नदी में गंदे पानी को साफ करने कारा, निमोरा और चंदनीडीह में स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट अब सौर ऊर्जा से जगमगाएंगे। इसके लिए नगर निगम सोलर प्लांट लगाने की तैयारी में है। शासन ने इस कार्य के लिए 3 करोड़ 79 लाख रुपए की मंजूरी दी है।

सोलर प्लांट स्थापित होने से जहां एसटीपी के संचालन में बिजली खर्च में कमी आएगी, वहीं एसटीपी को अपग्रेड करने में मदद मिलेगी। निगम अफसरों का ये भी दावा है कि इससे एसटीपी के बिजली में 25 बिजली फीसदी तक कमी आ सकती है, जबकि वर्तमान में निगम को तीन एसटीपी के नियमित रूप से संचालक के दौरान प्रति माह 1 करोड़ रुपए और सालभर में 12 करोड़ रुपए विद्युत देयक के रूप में भुगतान करना पड़ रहा है। सोलर प्लांट लगने पर हर साल 3 करोड़ रुपए बिजली बिल की बचत होगी।

दरअसल, मिशन अमृत के तहत खारुन नदी में राजधानी सहित आसपास के 17 नाले-नालियों का गंदा पानी मिलने से नदी का पानी दूषित हो रहा था। इस पर नियंत्रण के लिए रायपुर नगर निगम द्वारा 3 अलग-अलग स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है, जिससे खारुन नदी में मिलने वाले नाले-नालियों का गंदा पानी नदी में गिरने से रोकने और उसे साफ करने के बाद उपचारित कर दोबारा उपयोग के लायक बनाने में आसानी हुई है। इस प्रक्रिया के दौरान ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन व संधारण में 1 करोड़ बिजली बिल प्रतिमाह भुगतान करना पड़ रहा है। इसके अलावा निगम के फिल्टर प्लांट और इंटेकवेल का बिजली बिल का खर्च प्रतिमाह औसतन 3 करोड़ है, यानी साल में 36 करोड़ रुपए इस मद में विद्युत विभाग को नगर निगम भुगतान करता है।

### विद्युत बिल देयक मे आएगी कमी

निमोरा, कारा और चंदनीडीह एसटीपी में सोलर प्लांट लगाने 3.79 करोड़ की स्वीकृति मिली है, एमआईसी की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूर किया गया है। इससे आत्मनिर्भर हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। एसटीपी के विद्युत बिल देयक में कमी आएगी। - ***मीनल चौबे,*** *महापौर, रायपुर*

# नवा रायपुर सेक्टर-28 में आग से मचा हड़कंप तीन-चार दुकानें खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवा रायपुर सेक्टर-28 में शनिवार सुबह आगजनी की घटना से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से मनिहारी, किराना तथा एक कपड़े की दुकान जलकर खाक हो गई। आगजनी की घटना के बाद स्थानीय रहवासियों ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी देर से पहुंचने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। आग पर काबू पाने नवा रायपुर तथा मंदिर हसौद से तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची थीं। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

- तीन फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया

राखी टीआई के मुताबिक आगजनी की घटना साढ़े दस बजे के आसपास की है। आग सीमित क्षेत्र में लगी हुई थी, जिसने देखते ही देखते तीन से चार दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग फैलती इसके पहले मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई।

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद से एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने से कपड़ा, किराना तथा एक मनिहारी की दुकान के अंदर रखे समान पूरी तरह से जल गए। आग से कितना नुकसान हुआ है, इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है, जो दुकानें आग की चपेट में आई हैं, वे टिन शेड तथा बांस-बल्ली से बनी गुमटी नुमा दुकान है। इस वजह से उन दुकानों में आग तेजी से फैल गई।

## बिजनेस साइट

### कास्मो एक्सपो में सात्वा म्यूजिकल बैंड ने बांधा समां आज काइट फेस्टिवल और सनडाउनर तम्बोला

रायपुर। श्रीराम बिजनेस पार्क में आयोजित कास्मो एक्सपो के दूसरे दिन शनिवार को बड़ी संख्या में शहरवासियों की मौजूदगी देखने को मिली। दोपहर से शुरू हुआ विजिटर्स का सिलसिला शाम होते-होते जनसैलाब में



तब्दील हो गया। रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, एजुकेशन, टेक्नोलॉजी, फूड और इंटरटेनमेंट समेत 300 से अधिक स्टॉल्स लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। शनिवार की शाम शांतनु के सात्वा म्यूजिकल बैंड की शानदार प्रस्तुति ने माहौल को संगीतमय बना दिया। एक्सपो में रोजाना आयोजित हो रहे विजिटर्स लकी ड्रॉ ने भी खास उत्साह पैदा किया है, जिसमें चार दिनों में कुल 20 लाख रुपए तक के उपहार दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही सेल्फी जोन, फूड जोन और शासकीय विभागों के स्टॉल्स पर भी लोगों की भारी भीड़ नजर आई। रविवार को कास्मो एक्सपो में खास आकर्षण रहने वाले हैं। सुबह 11.30 बजे से रोटरी क्लब रायपुर डिवास की ओर से काइट फेस्टिवल 'उत्तरायण 0.3' का आयोजन होगा, वहीं शाम 4 से 6 बजे इनरव्हील क्लब रायपुर कास्मोपॉलिटन द्वारा सनडाउनर तम्बोला का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार रविवार का दिन पूरे परिवार के लिए मनोरंजन, उत्साह और पुरस्कारों से भरपूर रहेगा।

### हैंडलूम हैंडीक्रॉफ्ट एक्सपो का शुभारंभ पारंपरिक कला को मिल रहा नया मंच

**रायपुर**। भारतीय पारंपरिक कला और संस्कृति को समर्पित 'हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो' का शुभारंभ ओपन ग्राउंड, ऑफिसर्स कॉलोनी के



सामने, देवेंद्र नगर में किया गया। सीमित अवधि के लिए आयोजित इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। एक्सपो का उद्देश्य हैंडलूम और हस्तशिल्प को बढ़ावा देना तथा लोगों को भारतीय परंपरा से जोड़ना है। प्रदर्शनी में बनारसी व बंगाल की साड़ियां, कश्मीरी सूट, भागलपुरी वस्त्र, खादी, चिकनकारी, पंजाबी फुलकारी, कोसा ड्रेस, राजस्थानी वस्त्र, जूट उत्पाद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, लेदर बैग-बेल्ट सहित गृह सज्जा की आकर्षक वस्तुएं उपलब्ध हैं। महिलाओं के लिए लेहंगा-चोली, कुर्तियां, कॉटन सूट और होम डेकोर की नई रेंज विशेष आकर्षण बनी हुई है। खास बात यह है कि ग्राहकों को 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। यह आयोजन कारीगरों के लिए अपने हुनर को प्रदर्शित करने और उपभोक्ताओं के लिए शुद्ध हस्तशिल्प खरीदने का बेहतरीन अवसर है।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा दिवस पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने फैलाई जागरूकता



रायपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के विशेषज्ञों ने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी पर चिंता जताई। डॉक्टरों के अनुसार, सड़क हादसे आज भी भारत में रोकी जा सकने



वाली मौतों और स्थायी विकलांगता का बड़ा कारण हैं, जिनका सबसे अधिक शिकार 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवा हो रहे हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि दुर्घटना के बाद पहले 60 मिनट, जिसे 'गोल्डन आवर' कहा जाता है, जीवन बचाने में निर्णायक होते हैं। इस दौरान ट्रॉमा-सुसज्जित अस्पताल में पहुंचने से गंभीर सिर की चोट, आंतरिक रक्तस्राव और मल्टीपल ट्रॉमा में बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। डॉ. संतोष सिंह ने कहा कि हेलमेट, सीटबेल्ट, ओवरस्पीडिंग से परहेज और नशे में ड्राइविंग न करना जैसी सावधानियां अनगिनत जानें बचा सकती हैं। वहीं, डॉ. पंकज धाबलिया ने ट्रैफिक नियमों के पालन को दीर्घकालिक विकलांगता रोकने के लिए आवश्यक बताया।

### राजकुमार कॉलेज में 75वें बैच का स्वर्ण जयंती मिलन समारोह



**रायपुर**। राजकुमार कॉलेज में 1975 बैच के पूर्व छात्रों ने अपनी स्नातक पूर्णता के 50 वर्ष पूरे होने पर भव्य स्वर्ण जयंती मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर शशांक शाह, राजू राव और अनिल मेट्रे के नेतृत्व में देश-विदेश से आए सहपाठियों का आत्मीय स्वागत किया गया। समारोह के दौरान पूर्व छात्रों ने कॉलेज परिसर का भ्रमण कर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। शशांक शाह ने अपने संबोधन में प्राचार्य कर्नल अविनाश सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में कॉलेज ने विरासत के साथ-साथ आधुनिकता को भी अपनाया है। ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल, विश्वस्तरीय शूटिंग रेंज और अत्याधुनिक इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ने आरकेसी को देश के अग्रणी संस्थानों में स्थान दिलाया है।

### मॉडल इंग्लिश स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव संपन्न

**रायपुर**। सिविल लाइन स्थित मॉडल इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस



खेल उत्सव में कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में ग्रीन हाउस को सर्वाधिक अंक प्राप्त कर समग्र विजेता घोषित किया गया। खेल महोत्सव की शुरुआत भव्य मार्च पास्ट से हुई, जिसमें चारों हाउस के विद्यार्थियों ने अनुशासन और एकता का शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य ने मार्च पास्ट की सलामी ली और खेलों का औपचारिक शुभारंभ करते हुए खेल भावना और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। तीन दिनों तक चली प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़, डॉजबॉल, वॉलीबॉल, स्लो साइकिल रेस तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए फ्रॉग जंप जैसे खेल आयोजित किए गए। सभी मुकाबले रोमांचक रहे।

राखी थाना क्षेत्र की घटना, लाश घर से डेढ़ किमी दूर कुएं में मिली

# कुएं में मिली संदिग्ध परिस्थिति में लाश पैर में पत्थर बंधे होने से हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राखी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थित में कुएं में लाश मिली है। लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिंक एक्सपर्ट की टीम जांच में जुटी हुई है। मृतक मधुमेह की बीमरी से पीड़ित था। पुलिस हत्या तथा आत्महत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है। लाश शनिवार को पौता गांव के कुएं में मिली है। एक अन्य मामले में उरला थाना क्षेत्र में तामिलनाडु के ट्रक ड्राइवर की लाश मिली है। मृतक पेशे से ट्रक ड्राइवर है। मृतक के सिर पर किसी भारी वस्तू से टकराने से चोट के निशान मिले हैं।

मृतक की पहचान भोलाराम बया (51) के रूप में हुई है, जो पिछले करीब 10 दिनों से अपने घर से लापता था। भोलाराम के घर नहीं पहुंचने पर परिजन उसकी अपने स्तर पर पतासाजी कर रहे थे। नहीं मिलने पर परिजनों ने भोलाराम की थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। बदबू आने पर लोगों ने कुएं के



अंदर झांककर देखा, तो पत्थर से बंधी लाश तैरती नजर आई। इसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से लाश को कुएं से बाहर निकालकर देखा, तो पैर में पत्थर बंधा मिला। पुलिस आशंका जता रही है कि कुआं में कूदने के पूर्व भोलाराम अपने बीमारी से परेशान होकर अपने पैर में पत्थर बांधकर कूद गया होगा। पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटा रही है कि भोलाराम का गांव के साथ या अपने परिजनों के साथ किसी तरह से कोई विवाद तो नहीं था।

### ट्रक के डाला से सिर टकराने पर मौत

उरला थाना क्षेत्र के बेंद्री इलाके में एक ट्रक ड्राइवर की लाश मिली है। मृतक की पहचान तामिलनाडु निवासी थीनैश के रूप में हुई है। थीनैश पेशे से ट्रक ड्राइवर था। मृतक के साथ ट्रक में चल रहे क्लीनर ने पुलिस को बताया है कि विधानसभा स्थित अंकित प्रकाशन में माल खाली करने आए थे। इस दौरान थीनेश ट्रक का डाला खोल रहा था, वह उसके सिर पर गिर गया। सिर पर डाला गिरने के बाद थीनैश अस्पताल में उपचार कराने जाने के बजाय रात में बेंद्री में सो गया। अंदरूनी चोट लगने की वजह से रात में सोते समय मुंह तथा नाक से रक्त स्त्राव होने की वजह से उसकी मौत हो गई।

# कुशालपुर रिंग रोड में निर्माणाधीन व्यावसायिक भवन तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 5 कमिश्नरी ने शनिवार को कुशालपुर रिंग रोड नंबर 1 क्षेत्र में अनुमति के विपरीत निर्माणाधीन भवन को तोड़ गिराया। यह कार्रवाई जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश रामटेके की उपस्थिति में की गई। नगर निवेश विभाग ने अभियान चलाकर निगम से अनुमति के विपरीत किए जा रहे निर्माणाधीन भवन को तोड़ने तत्परता दिखाई। इसी तरह अमलीडीह स्थित जोन 10 अमले ने 3 हजार वर्गफीट क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा जमाकर बनाई गई व्यावसायिक दुकान और मकान को तोड़कर शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराया।



### छत्तीसगढ़ को मिलेगा ...

कितने मैच होंगे, ये जल्द साफ हो जाएगा। बता दें कि आईपीएल 2026 के लिए आरसीबी ने अपने पुराने होमग्राउंड चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु को हटाने का निर्णय लिया है। पिछले सीजन में वहां हुए हादसों और भगदड़ के कारण टीम अब नया विकल्प तलाश रही है। रायपुर और इंदौर को शॉर्टलिस्ट किया गया है, लेकिन आरसीबी की प्राथमिकता रायपुर मानी जा रही है। रायपुर के दर्शक विराट कोहली और उनकी टीम को राजधानी में लाइव मैच में देख सकेंगे।

### मौसमी वायरल का बदला...

ठंड के मौसम में सर्दी-खांसी, बुखार जैसी समस्या सामान्यतः होती रहती है। मौसमी वायरल समय-समय पर अपना स्वरूप बदलता है और इसका असर कभी कम तो कभी ज्यादा दिनों तक रहता है। इस बार वायरस सर्दी-जुकाम के साथ गले में इंफेक्शन और दर्द के रूप में लोगों को अपना शिकार बना रहा है। मौसमी बीमारी की समस्या लेकर अस्पताल पहुंचने वाले ज्यादातर मरीज गले से संबंधित परेशानी डाक्टरों को बता रहे हैं। चिकित्सकों का यह भी कहना है कि अभी होने वाली बीमारी दस से पंद्रह दिन तक असर दिखा रही है और मरीजों को एंटीबायोटिक दवा की डोज भी लेनी पड़ रही है। सर्दी-जुकाम के साथ वायरल फीवर, जोड़ों में दर्द और कमजोरी की समस्या वाले मरीज भी अधिक हैं। आंबेडकर अस्पताल के अलावा जिला अस्पताल, एम्स के साथ जिले के विभिन्न हेल्थ सेंटरों में भी प्रतिदिन मौसमी बीमारी से पीड़ित औसतन आठ सौ से एक हजार मरीज पहुंच रहे हैं।

### नमीयुक्त हवा दिलाएगी ...

होने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी ठंड का जोरदार असर सरगुजा संभाग में है। वहां के मैनपाट, बलरामपुर, जशपुर सहित अन्य इलाकों में बर्फ जमने की

## पेज 11 के शेष ...

स्थिति बनी हुई है। मौसम में होने वाले बदलाव का ज्यादा असर उसी इलाके में दिखेगा। वहीं मध्य हिस्से में भी आने वाली नमी कड़ाके की ठंड से राहत प्रदान करेगी। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी ठंड का मौसम समाप्त नहीं हुआ है। विक्षोभ हटने के बाद संभवतः जनवरी के दूसरे पखवाड़े में ठंड का खासा असर महसूस हो सकता है। कई बार ऐसी स्थिति बनी है जब जनवरी के अंतिम दिनों में सीजन की सबसे ठंडी रात गुजरी है। इधर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव शनिवार को दिन में बादल छाए रहे। इसके असर से दिन के अधिकतम तापमान में थोड़ी गिरावट हुई और मौसम ठंडकता भरा रहा। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं दिन का अधिकतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस बिलासपुर दर्ज किया गया।

### डीएड अभ्यर्थियों का मौन व्रत...

युवा कमलेश कुमार शामिल हैं, जिन्हें धरना स्थल से एंबुलेंस में उपचार के लिए भेजा गया। इधर छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन संयुक्त रसोइया संघ के आव्हान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों के रसोइए 13 वें दिन धरने पर रहे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर खुले आसमान के नीचे प्रदेश भर के डीएड अभ्यर्थी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों और प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का काम करने वाले रसोइए अपने लंबित मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। सीएफ भर्ती परीक्षा 2008 की प्रतीक्षा सूची वाले प्रदेश के 417 अभ्यर्थी 1 साल से अधिक समय बीतने के बाद भी नियुक्ति नहीं होने के विरोध में धरना प्रदर्शन के लिए जुटे हैं। उनका कहना है कि हम सिर्फ अभ्यर्थी नहीं है, हमारे साथ हमारी मां, पिता, पत्नी और बच्चे भी नियुक्ति की बाट जोह रहे हैं। पिछले 7 सालों से प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं की गई, हमें केवल आश्वासन दिया जा रहा है। धरना स्थल पर परिवार के साथ कई अभ्यर्थी धरना देने पहुंचे हैं जो ठिठुरती ठंड में अनजान शहर में आंदोलन का हिस्सा बने हैं। विदित हो सीएसएफ में 3 हजार से ज्यादा पद रिक्त हैं, जबकि विभाग के पास 417 युवा वेटिंग लिस्ट वाले हैं। विभाग इन्हें भर्ती दे सकता है। धरना दे रहे छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों ने बताया कि जब मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को 1 वर्ष से अधिक समय के बाद नियुक्ति दी गई, तो प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों का हक क्यों छीना जा रहा है।

### 13 दिन से धरना दे रहे मध्यान्ह...

दर पर मानदेय दिलाने, सरकार द्वारा घोषित 50 फीसदी मानदेय वृद्धि को तत्काल लागू करने और छात्र संख्या कम होने के नाम पर रसोइया को हटाने की प्रक्रिया बंद करने की है। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन संयुक्त रसोइया संघ के अध्यक्ष रामराज कश्यप ने कहा है कि जब तक रसोइयों की मांग पूरी नहीं होती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### परीक्षाएं नजदीक आते ही ...

वाले ही विमानों का उपयोग करेंगे। व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास ने बताया कि अभी फ्लाइट का सफर अपनी सामान्य स्थिति में आ गया है। रायपुर से प्रतिदिन यात्रा करने वालों की संख्या दो से तीन हजार के बीच हो चुकी है। यात्रियों की संख्या सामान्य होने के कारण विभिन्न शहरों के विमानों का किराया भी सामान्य हो चुका है। दिल्ली-मुंबई सहित अन्य शहरों का टिकट चौबीस घंटे पहले भी दस हजार रुपये से कम में मिल रहा है। सूत्रों का कहना है कि अब ज्यादा यात्रियों के सफर की शुरुआत परीक्षाएं खत्म होने और गर्मी की छुट्टी शुरू होने के बाद होगी। अभी उन शहरों का किराया अधिक है, जिसके लिए संचालित होने वाली फ्लाइट की संख्या कम है।

## खबर संक्षेप

### गृह निर्माण मंडल के अपर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** अटल विहार कॉलोनी परसदा, कुम्हारी में जनसुविधाओं और निर्माण कार्यों को पूरा करने की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों द्वारा छग गृह निर्माण मंडल के अपर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि कॉलोनी में पानी, बिजली, सड़क, सीवेज और पार्क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण निवासियों को परेशानी हो रही है और वे जल्द से जल्द इन कार्यों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं, ताकि कॉलोनी का पूर्ण विकास हो सके। इस मौके पर निवासियों ने बताया कि बच्चों के पढ़ने के लिए कॉलोनी में स्कूल 13 सालों के बाद भी शुरू नहीं हुआ है। कॉलोनी परसदा में जनसुविधाओं को पूरा करने की मांग को लेकर स्थानीय निवासी मंडल के अधिकारियों, विशेषकर अपर आयुक्त से लगातार आग्रह कर रहे हैं। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### आम आदमी पार्टी की आज से छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी 11 जनवरी से प्रदेशभर में ब्लाक स्तरीय छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा की शुरुआत करेगी। इस यात्रा का लक्ष्य प्रदेश के 11,664 ग्राम पंचायतों और 20 हजार से अधिक गांवों तक पहुंच बनाना है। पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने बताया कि पिछले 2 महीनों के दौरान पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों व प्रदेश के पदाधिकारियों व भिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ मैराथन बैठकें आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी प्रमुख पदाधिकारियों के सहयोग से लोकसभा अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष के माध्यम से हर जिले में विधानसभा वार ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव संदीप पाठक व सहप्रभारी मुकेश अहलावत के मार्गदर्शन में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे के अनुरूप 450 ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है।



### महामाया देवी मंदिर में गुप्त नवरात्रि महोत्सव 19 से

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर में आठ दिवसीय 19 से 27 जनवरी तक गुप्त नवरात्रि महोत्सव और श्रीमद भागवत कथा यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मंदिर आचार्य, पुजारी, पंडित और कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम दोहपर 2 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि कार्यक्रम शुरू होने से पहले 19 जनवरी को भव्य शोभायात्रा महामाया देवी मंदिर से निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा महामाया देवी मंदिर, अमीनपारा चौक, लिली चौक, टिल्लू चौक, लाखेनगर चौक, सारथी चौक, आमापारा चौक, आजाद चौक, कंकाली नाका चौक, कंकाली तालाब से कलश जलभराव के बाद शीतला मंदिर चौक होते हुए वापस कथास्थल पर समापन होगा।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'कवच' ट्रायल का शुभारंभ, सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक ब्रेकिंग प्रणाली से रुकी ट्रेन

## 'कवच' ट्रायल के आरंभ के साथ ही रेलवे अधिकारी व कर्मचारी अत्याधुनिक प्रणाली का अनुभव प्राप्त कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रेल संरक्षा एवं परिचालन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर–जयरामनगर रेलखंड में 'कवच' लोकोमोटिव ट्रायल का शुभारंभ किया गया है।

यह ट्रायल ब्लॉक सेक्शन में स्थापित प्रोग्राम्ड टैग्स की रीडिंग को 'कवच' से सुसज्जित लोकोमोटिव के माध्यम से सत्यापित करने के उद्देश्य से किया गया। ट्रायल के दौरान 'कवच' की ऑटोमैटिक ब्रेकिंग प्रणाली को भी असामान्य एवं अप्रत्याशित परिचालन परिस्थितियों में सफलतापूर्वक परखा गया। इन ट्रायल्स का सफलतापूर्वक संपन्न होना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'कवच' तकनीक के औपचारिक रोलआउट की शुरुआत को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य ट्रेन परिचालन में संरक्षा को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना है। कवच' ट्रायल के आरंभ के साथ ही रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी इस अत्याधुनिक प्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं, जिससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अन्य रेल खंडों में 'कवच' के त्वरित कार्यान्वयन में सहायता मिलेगी। ट्रायल्स में ट्रेन रनिंग स्टाफ की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है, ताकि वे विभिन्न परिचालन परिस्थितियों में 'कवच' के कार्यप्रणाली को भली-भांति समझ सकें और प्रणाली से पूर्णतः परिचित हो सकें।

### कवच परियोजना की लागत लगभग 1,654 करोड़

यह ट्रायल ऐसे समय में किया जा रहा है, जब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्राधिकार में व्यापक स्तर पर 'कवच' कार्यों को शुरू किया गया है। स्टेशन-'कवच', लोको-'कवच', दूरसंचार टावर, ऑप्टिकल फाइबर केबलनेटवर्क एवं अन्य संबंधित अधोसंरचना के लिए टेंडर पहले ही जारी किए जा चुके हैं। दक्षिण पूर्व मध्य में 'कवच' परियोजना की कुल स्वीकृत लागत लगभग 1,654 करोड़ है। वर्तमान में नागपुर–झारसुगुड़ा खंड पर 'कवच' का कार्य प्रगति पर है, जो उच्च घनत्व वाले मुंबई–हावड़ा कॉरिडोर के 614 रूट किलोमीटर को कवर करता है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान नागपुर–गोंदिया खंड 135 रूट किलोमीटर) में 'कवच' रोलआउट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, दक्षिण नेटवर्क के अन्य विभिन्न खंडों पर भी 'कवच' कार्य प्रगति पर हैं।

### इस तरह करता है काम

'कवच' भारत की राष्ट्रीय ऑटोमैटिक ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है, जिसे सिग्नल पासिंग एट डेंजर, आमने-सामने एवं पीछे से होने वाली टक्करों को रोकने, गति पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने तथा मानवीय त्रुटियों से होने वाली दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए विकसित किया गया है। इन-कैब सिग्नल डिस्प्ले, मूवमेंट अथॉरिटी की सतत निगरानी तथा आवश्यकता पड़ने पर स्वचालित ब्रेकिंग हस्तक्षेप के माध्यम से 'कवच' रेल संरक्षा को अत्यधिक सुदृढ़ बनाता है और लोको पायलटों एवं परिचालन कर्मचारियों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है।'कवच' के प्रथम ट्रायल के शुभारंभ के साथ, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का लक्ष्य न केवल अपने नेटवर्क में 'कवच' का शीघ्र कार्यान्वयन करना है, बल्कि एक मजबूत प्रशिक्षण एवं दक्षता पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना भी है, जिससे रेलवे कर्मी इस महत्वपूर्ण संरक्षा प्रणाली के संचालन एवं अनुरक्षण में पूर्णतः दक्ष हो।

## आठ चेन माउंटेन मशीनों के जरिए दिन-रात किया जा रहा उत्खनन

# कुटेला–कुरुद महानदी में मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन पर्यावरण को नुकसान–स्कूल बच्चों पर भी मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र में समोदा उपतहसील अंतर्गत ग्राम कुटेला-कुरुद से गुजरी महानदी में चेन माउंटेन मशीनों से जमकर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इसके कारण नदी के किनारे लगे कई पेड़-पौधे गिरकर मर चुके हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। वहीं इन भारी वाहन के आवागमन से इस गांव के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों पर भी निरंतर खतरा मंडरा रहा है।

### सरपंच ने कलेक्टर से की शिकायत

ग्राम कुटेला के सरंपच गणेशराम सतनामी ने महानदी में चल रहे रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत पूर्व में खनिज विभाग के साथ उपतहसील कार्यालय के अफसरों से की थी, लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर अब कलेक्टर से इसकी शिकायत की है। इस शिकायत में सरपंच ने कलेक्टर को अवगत कराया है कि उनके गांव से गुजरी महानदी में रेत का नियमों के विरुद्ध उत्खनन किया जा रहा है। यहां करीब 8 चेन माउंटेन मशीनों के जरिए दिन-रात नदी का सीना चीरकर रेत निकाली जा रही है। इसके कारण गांव की हरियाली भी खत्म हो रही है। नदी किनारे लगे कई पेड़-पौधे इन मशीनों के कारण गिरकर नष्ट हो चुके हैं। यहीं नहीं इन भारी गाड़ियों के कारण कच्चे रोड से उठा रही धुल और काला धुआ के कारण गांव में प्रदूषण तथा खेतों में लगी फसलें भी खराब हो रही हैं।

### स्कूल के रास्ते से आना-जाना कर रही भारी गाड़ियां

सरपंच ने बताया कि नदी से रेत जिस रास्ते से भारी वाहन से बाहर निकाली जा रही है, उस रास्ते में गांव का स्कूल भी है। दिन के समय में इस रास्ते पर भारी वाहन का आवागमन लगा रहता है। इसके कारण यहां कभी भी दुर्घटना हो सकती है, जिससे बच्चों की जान भी जा सकती है। सरपंच ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की है। सरपंच ने बताया कि शिकायत 6 जनवरी को की गई है। इसके बाद भी इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# अंतिम चरण में धान खरीदी, सहकारी समितियों ने टोकन काटना किया बंद

## भौतिक सत्यापन के बाद जारी होंगे टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में थान खरीदी अंतिम चरण पर है। अलग-अलग जिलों में समितियों ने टोकन काटना बंद कर दिया है, इसकी वजह से बड़ी संख्या में किसान थान बेचने से वंचित हो सकते हैं। प्रदेश में 31 जनवरी तक धान की खरीदी होनी है। इस बार ऑनलाइन और ऑफ लाइन सिस्टम अपनाया गया है, जिसकी वजह से धान बेचने में किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा है। अलग-अलग स्तरों में इसको लेकर शिकायतें भी हुई हैं। अब टोकन कटना बंद होने की सूचना आ रही है। कई जिलों में पहले ऑनलाइन और अब ऑफलाइन टोकन भी बंद कर दिए गए हैं। इससे रायपुर समेत अनेक जिलों की समितियों में किसानों की नाराजगी सामने आने लगी है।

समिति प्रभारियों ने किसानों को स्पष्ट रूप से बताया है कि नोडल अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद ही टोकन जारी किए जाएंगे। इस प्रक्रिया के कारण धान खरीदी लगभग ठप हो गई है। समितियों द्वारा खरीदी की लिमिट बढ़ाने के लिए मार्कफेड और जिला प्रशासन को पत्र भेजे गए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। रायपुर जिले की कई समितियों में 31 जनवरी तक के लिए ऑनलाइन टोकन पहले ही बुक हो चुके हैं। हालांकि रायपुर जिले की धान खरीदी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अभी भी धान खरीदी के लिए टोकन काटे जा रहे हैं। ये अलग बात है कि ये टोकन 29 से 31 तारीख तक की है।

### किसानों ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने जिला कलेक्टर के नाम सिलयारी के शाखा प्रबंधक और सारागांव के नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर टोकन जारी करने की मांग की। कुकेरा, कुथरेल, सिलयारी, पथरी, सारागांव, निलजा, खौना, मढ़ी, बरतोरी, रायखेड़ा, किरना, निनवा, नगरगांव, देवरी, धरसीवा, पंडरभट्ठा, सांकरा और मोहदी समितियों में लिमिट बढ़ाने की मांग लगातार उठ रही है। सिलयारी समिति में ही करीब 20 प्रतिशत किसान अब तक धान नहीं बेच पाए हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो सोमवार को समिति में प्रदर्शन कर तालाबंदी की जाएगी।

## सांसद बृजमोहन ने शहीद हेमू कालाणी चौक में किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमर शहीद हेमू कालाणी चौक के सौंदर्यीकरण के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को भूमिपूजन किया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे वीर सपूत, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी, उनकी आदमकद मूर्ति यहां पर लगने से युवाओं में देश के प्रति जागरूकता आएगी एवं उनकी पूरी जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा और समिति के मीडिया प्रभारी भरत पमनानी ने देते हुए बताया कि बहुत जल्द ही चौक का सौंदर्यीकरण व आदमकद मूर्ति यहां पर स्थापित होगी और समिति के सभी सदस्यों के लिए बहुत ही हर्षोल्लास का विषय है। भूमिपूजन के अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, सभापति सूर्यकांत राठौर, सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, पार्षद अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, कृतिका जैन के अलावा समिति के संरक्षक त्रिलोकचंद चिमनानी, भरत बजाज, अनेश बजाज, प्रेम बिरनानी, लक्ष्मण जगवानी, राजेश गुरनानी, डॉ. मनोहर लहेजा, सुनील कुकरेजा, तेजकुमार बजाज, राजकुमार सोनी, चंदू माखीजा, राजेश आहूजा, धनेश मतलानी, रितेश वाधवा समेत सिंधी समाज के प्रमुखजन उपस्थित थे।

## मोदी सरकार मजदूर विरोधी, बड़े उद्योगपतियों और ठेकेदारों को पहुंचा रही फायदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 11 जनवरी से 25 फरवरी तक छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में चलाया जाएगा। ताम्रध्वज साहू ने कहा, कांग्रेस का मानना है कि मोदी सरकार मजदूर विरोधी नीति अपना रही है। सरकार बड़े उद्योगपतियों और ठेकेदारों को फायदा पहुंचाना चाहती है, इसी वजह से मनरेगा को कमजोर कर उसे खत्म करने की कोशिश की जा रही है। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मनरेगा की जगह वीबी जीरामजी योजना लाने की तैयारी कर रही है। बताया कि मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों के माध्यम से काम तय होते हैं, जिससे सीधे मजदूरों को रोजगार मिलता है। मनरेगा में मजदूरों को काम मांगने का अधिकार है, 15 दिनों के भीतर काम देने का प्रावधान है। रोजगार की गारंटी है। 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार की भागीदारी है। कांग्रेस ने कहा कि वीबी जी राम जी योजना में काम का निर्धारण केंद्र सरकार करेगी, किस क्षेत्र में कौन सा काम होगा, यह भी केंद्र तय करेगी।

ੴ
Satnam Waheguru



Sardarni Gobind Kaur Batra
(Wife of Late Gurbux Singh Batra)
Lived beautifully and with grace
14th April 1926 — 3rd January 2026
With a heavy heart we announce the passing of our beloved Sdn Gobind Kaur Batra on 3rd Jan 2026, leaving behind a rich legacy of love, forgiveness and wonderful memories.

PROGRAM DETAILS:
For the peace of the departed soul we would be honoured if you would join us for Kirtan at
Venue: Gurudwara Baba Budha Sahib Ji, Telibandha
Time: 12:00 PM to 1:00 PM
Followed by Guru Ka Langar
Date: 11th January 2026 (Sunday)

In Grief:
S. Inderbir Singh Batra (Son) – 9425214619
S. Harbaksh Singh Batra (Son) – 8120303030
Dr. Manjeet Kaur Anand (Daughter)
Dr. Gurjeet Kaur Chopra (Daughter)
Grandsons:
S. Ujjwal Singh Batra
S. Ajit Singh Batra
S. Gaurav Singh Batra
S. Saurabh Singh Batra
Gobind Dham, Civil Lines, Raipur, Chhattisgarh






03


सुंदर मुंदरिए तेरा कौन विचारा...

सिटी लाइव

## प्रवासी छत्तीसगढ़ियों ने रचा इतिहास दूसरे राज्यों में भी संस्कृति से जुड़े




**रायपुर।** प्रवासी छत्तीसगढ़िया बंधुत्व मंच द्वारा शनिवार को प्रवासी भारतीय दिवस पर एक का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह थे। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में प्रवासन का इतिहास बहुत पुराना है। इसके अंतर्गत देश दूसरे राज्यों में हमारे प्रदेश के लोग जाकर काम धंधा करते रहे हैं। वहीं बस गए और कई उपलब्धिया भी अर्जित की हैं। इसमें झारखंड के रघुवर दास का मुख्यमंत्री बनें। असम से कई बार सांसद निर्वाचित होकर रामेश्वर तेली का केंद्रीय मंत्री बनने जैसे कई उदाहरण है। डॉ. सिंह ने विदेश में छत्तीसगढ़ियों के बीच जाने और अपने अनुभव का जिक्र किया। वहीं अध्यक्षता करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने कहा कि वे भी एक प्रवासी पूर्वज के वंशज हैं। उनके पर दादा सवा सौ से डेढ़ सौ साल पहले छत्तीसगढ़ से असम गए थे। वही उनके तीनों पुत्रों का जन्म हुआ। इनमें से मेरे दादाजी छत्तीसगढ़ आ गए।

### दो पुस्तकों का मंच पर किया विमोचन

विशेष अतिथि साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा थे। उन्होंने कहा कि आज फिजी में छत्तीसगढ़िया गिरमिटिया नामक पुस्तक की विशेष रूप से चर्चा की। जिन दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। इनमें पहली पुस्तक सन 1901 से 1905 के बीच छत्तीसगढ़ से फिजी ले जाए गए एंडेंचर्ड या बंधुआ मजदूर जिन्हें गिरमिटिया कहा जाता था, पर आधारित है। जबकि दूसरी पुस्तक असम निवासी एक प्रवासी छत्तीसगढ़िया कवि द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ी कविताओं का संकलन है। 10 प्रवासी छत्तीसगढ़िया का सम्मान किया गया। इसमें दो समुद्रपारिय और आठ अंतर्देशीय छत्तीसगढ़िया प्रमुखता शामिल थे। संचालन गौरव गिरजा शुक्ला किया। पुस्तकों की समीक्षात्मक परिचय राहुल सिंह ने प्रदान किया। जबकि आभार प्रदर्शन से राकेश तिवारी ने किया।

सड्डू स्थित रामा वर्ल्ड गैलेरिया में पेंटिंग एग्जीबिशन, झलकी आधुनिक सोच और सांस्कृतिक गहराई

# कपड़ों और पत्थरों में उभरी कला, पेंटिंग्स में दिखी मानवता-इतिहास और प्रकृति की झलक

शनिवार को रामा वर्ल्ड गैलेरिया सड्डू में पेंटिंग एग्जीबिशन के दौरान कला, तकनीक और सामाजिक भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस प्रदर्शनी में दिल्ली, कोलकाता और छत्तीसगढ़ के प्रख्यात कलाकारों की विविध विषयों पर आधारित कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं। 'कदम' संस्था द्वारा आयोजित इस एग्जीबिशन में रायपुरवासियों को पहली बार इतिहास, प्रकृति, भावनाओं, पत्थर, लकड़ी और आधुनिक दृष्टिकोण से जुड़ी पेंटिंग्स एक ही मंच पर देखने का अवसर मिला।

**रायपुर।** संस्था की संस्थापक सरिता अग्रवाल ने बताया कि कदम का उद्देश्य कलाकारों को उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए मंच देना है, ताकि वे सीधे समाज से जुड़ सकें। एग्जीबिशन में दर्शक न केवल कलाकृतियों से जुड़े, बल्कि कलाकारों से संवाद कर उनकी सोच और तकनीक को भी करीब से समझ सके। इस आयोजन में पारंपरिक ब्रश के अलावा कलाकारों ने पत्थर, लकड़ी, कपड़े जैसे माध्यमों का उपयोग कर नई शैली की पेंटिंग्स पेश कीं। शोध पर आधारित कलाकृतियां खास आकर्षण का केंद्र रहीं। रायपुर में इस तरह की पहल को लेकर कला प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### पेंटिंग के पीछे की सोच से रूबरू हुए दर्शक


पेंटिंग एग्जीबिशन में दर्शकों ने न सिर्फ कलाकृतियां देखीं, बल्कि कलाकारों से सीधे संवाद कर उनके पीछे की सोच, मेहनत और संदेश को भी समझा। संस्था की संस्थापक सरिता अग्रवाल ने बताया कि कलाकारों की रचनात्मकता ने लोगों को गहराई से प्रभावित किया। कई पेंटिंग्स में पत्थर और पेड़ जैसे प्राकृतिक माध्यमों से मानवता और प्रकृति के भावों को दर्शाया गया था, जिसे दर्शकों ने खास सराहा। एग्जीबिशन में पहुंचे युवाओं ने भी पेंटिंग कला में रुचि दिखाते हुए कलाकारों से मार्गदर्शन लिया। दिनभर चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और हर पेंटिंग में छिपे संदेश को समझने की कोशिश की। यह आयोजन न केवल एक आर्ट शो रहा, बल्कि एक संवाद का मंच भी बना, जहां कला और कलाकारों के बीच सीधा जुड़ाव देखने को मिला।





### घरों के लिए ली थीम-बेस्ड सजावट की सलाह

पेंटिंग एग्जीबिशन में न सिर्फ कलाकृतियों को सराहा गया, बल्कि दर्शकों ने उन्हें खरीदा भी। खासतौर पर कपड़े पर बनी पेंटिंग्स ने लोगों का ध्यान खींचा, जिनमें कलाकारों की बारीकी और रचनात्मकता साफ झलक रही थी। यहां पहुंचे कलाप्रेमियों ने घरों की सजावट के लिए वॉल पेंटिंग्स खरीदीं। साथ ही, कलाकारों से थीम-बेस्ड इंटीरियर के लिए पेंटिंग चयन पर सुझाव भी लिए। एग्जीबिशन में नेचर, धार्मिक, ऐतिहासिक, कार्टून और समकालीन विषयों पर बनी पेंटिंग्स मौजूद रहीं, जिन्होंने हर आयुवर्ग के दर्शकों को आकर्षित किया और उनकी कला के प्रति रुचि को और बढ़ाया।







### पेंटिंग्स में पेड़ और पत्थरों की सूक्ष्म संरचना को दर्शाया

कला केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि उसके पीछे गहरी रिसर्च और सोच होती है। कई बार एक पेंटिंग को देखने मात्र से उसके भावों को समझना मुश्किल होता है, लेकिन हर ब्रश स्ट्रोक के पीछे कलाकार की मेहनत और अध्ययन छिपा होता है। दिल्ली से आए कलाकार सुनील यादव ने जियोमैटिक पेंटिंग प्रस्तुत की है, जो दर्शकों को विज्ञान और प्रकृति की गहराइयों से जोड़ती है। उन्होंने बताया कि जब हम किसी तस्वीर को जूम करते हैं तो जो पिक्सल्स नजर आते हैं, वही इस पेंटिंग की प्रेरणा बने हैं। सुनील की पेंटिंग्स में पेड़ और पत्थरों की सूक्ष्म संरचना को दर्शाया गया है, जिन्हें आम आंखों से देखना संभव नहीं होता। इन सूक्ष्म विवरणों को देखने के लिए जैसे लेंस की जरूरत होती है, ठीक वैसे ही उन्होंने इन तत्वों को अपने आर्ट में उकेरा है। उनकी यह वैज्ञानिक और कलात्मक सोच, दर्शकों को पेंटिंग की एक नई दुनिया से परिचित करवा रही है।







# आधुनिक चिकित्सा, अनुभवी विशेषज्ञ और विश्वस्तरीय सुविधाओं का संगम

आज के तेज़ रफ्तार जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी है। एक ऐसा अस्पताल, जहाँ रोगी को न केवल आधुनिक इलाज मिले बल्कि मानवीय संवेदना, भरोसा और सुरक्षा भी प्राप्त हो — इसी सोच के साथ वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर निरंतर जनसेवा में समर्पित है।

वी वाय हॉस्पिटल का उद्देश्य केवल रोगों का उपचार करना नहीं, बल्कि प्रत्येक मरीज को संपूर्ण स्वास्थ्य समाधान प्रदान करना है। अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों की टीम और मरीज-केंद्रित सेवाओं के साथ यह अस्पताल रायपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एक विश्वसनीय स्वास्थ्य संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है।

## आधुनिक चिकित्सा का नया आयाम

वी वाय हॉस्पिटल में इलाज की हर प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप की जाती है। यहाँ नवीनतम मेडिकल टेक्नोलॉजी, उन्नत मशीनें और सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर उपलब्ध हैं, जिससे जटिल से जटिल रोगों का भी सटीक एवं सुरक्षित उपचार संभव हो पाता है। अस्पताल में साफ-सफाई, संक्रमण नियंत्रण (Infection Control) और मरीजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। यही कारण है कि वी वाय हॉस्पिटल को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए विशेष पहचान प्राप्त है। अनुभवी डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम वी वाय हॉस्पिटल की सबसे बड़ी ताकत इसकी अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम है। यहाँ विभिन्न चिकित्सा विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, जो वर्षों के अनुभव और आधुनिक ज्ञान के साथ मरीजों का इलाज करते हैं।प्रत्येक मरीज की समस्या को ध्यानपूर्वक समझकर, सही जांच, सही परामर्श और उचित उपचार योजना तैयार की जाती है, ताकि रोगी शीघ्र स्वस्थ हो सके।



**प्रमुख चिकित्सा सुविधाएँ एवं विभाग वी वाय हॉस्पिटल में एक ही छत के नीचे अनेक चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध हैं, जिनमें प्रमुख रूप से:**

### जनरल सर्जरी एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

कम चीरा, कम दर्द और जल्दी रिकवरी के लिए आधुनिक लेप्रोस्कोपिक तकनीक द्वारा सर्जरी की सुविधा।

### न्यूरो रोग एवं न्यूरो सर्जरी

मस्तिष्क एवं तंत्रिका तंत्र से संबंधित रोगों का विशेषज्ञ उपचार।

### हृदय रोग एवं सर्जरी

दिल से जुड़ी बीमारियों की जांच, उपचार एवं सर्जिकल सुविधाएँ।

### कैंसर रोग एवं सर्जरी

कैंसर की पहचान, परामर्श एवं सर्जिकल उपचार की उन्नत व्यवस्था।

### श्वसन एवं छाती रोग

दमा, टीबी, सांस से संबंधित अन्य रोगों का प्रभावी इलाज।

### हड्डी रोग एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट

हड्डी, जोड़, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण की आधुनिक सुविधाएँ।

### न्यूरोलॉजी एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी

सटीक जांच एवं न्यूनतम इनवेसिव उपचार की सुविधा।

### स्त्री रोग

महिलाओं से संबंधित सभी रोगों का सुरक्षित एवं संवेदनशील उपचार।

### बाल रोग

नवजात शिशु से लेकर बच्चों तक की सम्पूर्ण स्वास्थ्य देखभाल।

### दंत रोग एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी

दांत, जबड़े एवं चेहरे से संबंधित रोगों का विशेषज्ञ इलाज।

### पेन (दर्द) प्रबंधन

पुराने एवं असहनीय दर्द से राहत के लिए आधुनिक पेन मैनेजमेंट तकनीक।

### 24×7 इमरजेंसी एवं ट्रॉमा केयर

वी वाय हॉस्पिटल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा उपलब्ध है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी या किसी भी आपात स्थिति में त्वरित उपचार के लिए अनुभवी डॉक्टर और प्रशिक्षित स्टाफ सदैव तत्पर रहता है।

### NABH मान्यता एवं गुणवत्ता की गारंटी

वी वाय हॉस्पिटल को NABH (National Accreditation Board for Hospitals) से मान्यता प्राप्त है, जो अस्पताल की गुणवत्ता, सुरक्षा और सेवा मानकों को प्रमाणित करता है। यह मान्यता मरीजों के लिए विश्वास का प्रतीक है।

### आयुष्मान भारत एवं बीमा सुविधाएँ

अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना एवं अन्य प्रमुख हेल्थ इंश्योरेंस योजनाओं के अंतर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध है, जिससे आर्थिक बोझ कम होता है और इलाज आसान बनता है।

### मरीजों के लिए अनुकूल वातावरण

वी वाय हॉस्पिटल में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए स्वच्छ, शांत और सहयोगात्मक वातावरण प्रदान किया जाता है। अस्पताल का स्टाफ मरीजों से सहानुभूति एवं सम्मान के साथ व्यवहार करता है, जिससे इलाज के दौरान आत्मविश्वास और मानसिक शांति बनी रहती है।

### समाज के प्रति जिम्मेदारी

वी वाय हॉस्पिटल समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, मुफ्त जांच कैंप एवं सामाजिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन करता है, ताकि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँच सकें।

VY HOSPITAL
We care for your Health
॥ मंगल भवन, अमंगलहारी ॥



Care for ou

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH ACCREDITED

बेहतर इलाज, आधुनिक तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञ
वी वाय हॉस्पिटल में सबका भरोसा।

विश्वस्तरीय सुविधाओं और उत्कृष्ट देखभाल के साथ

जनरल सर्जरी, लेज़र एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
हड्डी रोगों की चिकित्सा एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
गैस्ट्रो एण्ड गैस्ट्रो सर्जरी
कैंसर रोग एवं सर्जरी
इंटरनल मेडिसिन एवं इंटेन्सिव क्रिटिकल केयर
मस्तिष्क रोग एवं मस्तिष्क रोग सर्जरी
श्वसन एवं छाती रोग
मूत्र रोग सर्जरी
नाक, कान व गला रोग
हृदय रोग एवं सर्जरी
वेस्कुलर एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी
पेन (दर्द) प्रबंधन
बर्न व प्लास्टिक सर्जरी
दंत रोग एवं मेक्सिल्लोफेशियल सर्जरी
स्त्री रोग
चर्म रोग
नेफ्रोलॉजी और गुर्दे प्रत्यारोपण

• कैंसर रेडिएशन सुविधा उपलब्ध
• किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध
• अत्याधुनिक लेजर पद्धति एवं मिनिमल इनवेसिव सर्जरी सुविधा




छ.ग. शासन, आयुष्मान भारत योजना तथा सभी इंश्योरेंस संस्थाओं से मान्यता प्राप्त

वी वाय हॉस्पिटल, रायपुर
We care for your Health

0771-4622222, 7225024301, 7225024302
हेल्पडेस्क: 0771-4622200, टोल फ्री: 1800-123-4775
www.vyhospital.in info@vyhospital vyhraipur vyhospitalrpr @vyhraipur

# सुंदर मुंदरिए तेरा कौन विचारा...दुल्ला भट्टीवाला






**रायपुर।** खालसा स्कूल परिसर में शनिवार की रात सिख समाज की महिला विंग ने लोहड़ी दी शाम का आयोजन पारंपरिक तरीके से किया। हर साल मकर संक्रांति से पहले इसे मनाया जाता है। यह सर्दियों के अंत, रबी फसलों की कटाई के शुरू होने का प्रतीक है। इस उत्सव को अलाव जलाकर पारंपरिक पंजाबी गीतों पर गिद्दा और भांगड़ा से महिलाओं ने उत्सव को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। तिल, गुड़, मूंगफली और रेवड़ी जैसी व्यंजन आग में डालकर और परिवार के साथ सांस्कृतिक भोजन (सरसों का साग, मक्के की रोटी, खीर) का आनंद लेते हुए उत्सव को यादगार बनाया।

## उत्सव में बिखरी सांस्कृतिक छटा

महिला विंग ने अलग-अलग थीम बेस्ड प्रोग्राम तय किया था। इसमें सोहनी जोड़ी, न्यू बोर्न बेबी, दादी-मां-बेटी, कल आज और कल जैसी श्रृंखलाओं से समाज के लोगों को बेहतर माहौल दिया। पंजाबी गीत-संगीत के साथ समाज की महिला विंग द्वारा पारंपरिक उत्सव में सांस्कृतिक छटा बिखेरने के लिए की गई तैयारी से रंग जमाया। इस उत्सव में समाज और परिवार सहित लोग उत्सव में शामिल हुए। इसे देखते हुए महिला विंग और समाज प्रमुखों ने कार्यों का विभाजन भी किया था।



# परिचय सम्मेलन में तारक मेहता फेम 'बावरी' ने लिया इंटरव्यू युवाओं ने बताई अपनी पसंद- कैसा होना चाहिए जीवनसाथी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच ने शनिवार से अखिल भारतीय एजुकेटेड अग्रवाल युवक-युवतियों को परिचय सम्मेलन से जोड़ने के लिए दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया। वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप निरंजन दास धर्मशाला में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने समाज के वरिष्ठजनों के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए आगाज किया। देश के अलग-अलग शहरों से आए अभिभावकों को बेहतर अवसर दिया। पहले दिन आधुनिक तकनीक से संचालित परिचय प्रक्रिया ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से तैयार किए गए स्टूडियो में टीवी धारावाहिक "तारक मेहता का उल्टा चश्मा" फेम बावरी यानी मोनिका भदौरिया ने सहज, सरल अंदाज में विवाहयोग्य युवक-युवतियों का इंटरव्यू लिया। इसे एलईडी स्क्रीन के माध्यम लाइव देखने के बाद रिश्ते के लिए संवाद का सिलसिला भी शुरू हुआ।



## युवाओं ने संयुक्त परिवार को दी प्राथमिकता



मंच के संरक्षक कन्हैया अग्रवाल, हरिवल्लभ अग्रवाल एवं अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज के युवाओं को सम्मानजनक, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित मंच प्रदान करना है। इससे वैवाहिक संबंधों का निर्माण भी सहजता से किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए सात सौ से ज्यादा युवक-युवतियों के अभिभावकों ने पंजीयन कराया है। वहीं पहले दिन 90 से ज्यादा लोगों ने सुबह 11 से शाम 5 बजे तक परिचय देते हुए भावी जीवनसाथी कैसा चाहते हैं, इसे सहज भाव से बताते हुए लगभग सभी ने संयुक्त परिवार को अपनी पसंद बताई।

## शाम को भजन संध्या रहा मुख्य आकर्षण

शाम को भजन संध्या मुख्य आकर्षण रही। जैसे ही गायकों ने बाबा के दरबार में सुर छेड़े, पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। भजन गायक मयंक बिंदल, मयूर बिंदल तथा प्रियांशु मित्तल की प्रस्तुतियों पर श्रोता देर रात तक झूमते और भक्ति में लीन नजर आए, वातावरण भी भक्तिमय बना। क्षितिज अग्रवाल एवं पंकज अग्रवाल ने बताया कि समाज के लोगों का सहयोग मिल रहा है। सम्मेलन के द्वितीय दिवस 11 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक युवक-युवतियों के परिचय का क्रम जारी रहेगा। छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, महाराष्ट्र, पंजाब, मध्यप्रदेश, झारखंड, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के लोग भी शामिल हो रहे हैं।

# सनातन में हिंसा का स्थान नहीं हिंदू राष्ट्र निर्माण प्राथमिकता



**रायपुर।** अवधपुरी मैदान में विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट रायपुर शाखा द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा से पहले शनिवार को संतश्री चिन्मयानंद बापू ने मारुति मंगलम भवन में पत्रकारवार्ता में कई सवालों के बेबाकी से जवाब दिए। उन्होंने कहा, 2003 से निरंतर माता कौशल्या के मायके और ठाकुरजी के ननिहाल आने का अवसर मिल रहा है। सनातन में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। कथाओं के माध्यम से माताओं और बहनों को संस्कारी समाज के निर्माण में अब जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ गई है, यह प्रसंगों के माध्यम से बताया जाता है। हिंदू राष्ट्र निर्माण को लेकर कहा कि हिंदू राष्ट्र निर्माण प्राथमिकता में है। इसके साथ ही गौमाता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने में इनको पालने वाले लोगों को भी योगदान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सनातन को कमजोर करने का प्रयास पहले भी किया जाता रहा है, अभी भी कुछ ताकतें काम कर रही हैं। आस्था की अलख जगाने वालों में कुछ लोग चोला बदलकर शामिल हो जाते है, ऐसे लोगों से बचने की जरूरत है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444
Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

Shree Shivam Steel Enterprises
MO:- 9713234611, 9926907736, 9630491800
Add. Shop No 05, In Front Of Theresian School, Kandul Road, Boriya Khurd- Raipur
Rose Gold Railing
Golden color Railing
Aluminium Profile
Steelness Glass Railing
Normal Railing
Slim Profile, Domal Window
Bathroom Shower
12mm Glass Partition
Vadruf, Aluminium Window

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH PRE ACCREDITED
NABH Accredited Hospital
आरोग्य हॉस्पिटल
सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर
आधुनिक गैस्ट्रो सर्जरी यूनिट, लैपेरोस्कोपी सर्जरी एवं आई.वी.एफ. सेन्टर




उपलब्ध सुविधाएं :-
- लैप्रोस्कोपिक हर्निया सर्जरी
- गॉल ब्लैडर की पथरी और अपेंडिक्स का उपचार
- निसंतान दंपति का आईवीएफ द्वारा इलाज
- लैप्रोस्कोपिक द्वारा बच्चेदानी और कैंसर का इलाज
- लेज़र और स्टैपलर द्वारा पाइल्स फिशर फ़िस्टूला
- ट्रामा हड्डी रोग न्यूरोसर्जरी
- मेडिसिन विभाग और आईसीयू में गंभीर मरीज़ो का इलाज
- नाक कान गला रोग
- नेत्र रोग
- लिवर और पैंक्रियास का इलाज
- एंडोस्कोपी कोलोनोस्कोपी
- गैस्ट्रो सर्जरी
- कैंसर सर्जरी
- हॉल्मियम लेज़र द्वारा प्रोस्टेट और पथरी

HDFC Bank के सामने, शंकर नगर से लोधी पारा चौक जाने के मार्ग पर शंकर नगर रायपुर
फोन:- 0771-4044115, 4265115 98271-98000

हरिभूमि
सेहत भूमि
रायपुर, रविवार 11 जनवरी 2026
haribhoomi.com





# ठंडी के मौसम में क्या-क्या ख्याल रखें

## सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक सावधानियाँ और सही दिनचर्या

ठंडी का मौसम जहाँ एक ओर राहत, उत्सव और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेकर आता है, वहीं दूसरी ओर यह कई स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म देता है। सर्दियों में जरा-सी लापरवाही सर्दी-खांसी, बुखार, जोड़ों के दर्द, त्वचा रोग, अस्थमा और हृदय संबंधी समस्याओं का कारण बन सकती है। इसलिए आवश्यक है कि इस मौसम में हम अपने शरीर, खान-पान और जीवनशैली का विशेष ध्यान रखें।इस लेख में विस्तार से बताया गया है कि ठंडी के मौसम में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, ताकि हम पूरे सर्दी के मौसम में स्वस्थ, ऊर्जावान और सुरक्षित रह सकें।सर्दियों में शरीर पर ठंड का प्रभावठंड के मौसम में तापमान गिरने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। ठंडी हवा, धुंध और नमी के कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, रक्त संचार धीमा हो जाता है, जिससे बुजुर्गों और हृदय रोगियों को अधिक परेशानी होती है।

## सर्दियों में खान-पान का विशेष ध्यान

### गर्म और पौष्टिक भोजन करें

सर्दियों में शरीर को अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें जो शरीर को गर्म रखें।

### लाभकारी खाद्य पदार्थ:

गेहूं, बाजरा, ज्वार की रोटियाँदालें और सूपहरी सब्जियाँ जैसे पालक, मेथी, सरसोंगाजर, चुकंदरसूखे मेवे – बादाम, अखरोट, मूंगफलीगुड़ और तिल

### विटामिन और मिनरल्स का सेवन

विटामिन C और D सर्दियों में बहुत जरूरी होते हैं।आंवला, संतरा, नींबू, धूप में कुछ समय बिताएँ, दूध और डेयरी उत्पाद

### पानी पीना न भूलें

ठंड में प्यास कम लगती है, लेकिन शरीर को पानी की उतनी ही जरूरत होती है। दिन में कम से कम 7–8 गिलास गुनगुना पानी अवश्य पिएँ। इससे शरीर डिटॉक्स रहता है और कब्ज की समस्या नहीं होती

### सर्दी-खांसी और फ्लू से बचाव

ठंडी हवा से बचेंबाहर जाते समय मफलर, टोपी और दस्ताने पहनेंभीड़भाड़ वाले स्थानों में मास्क का प्रयोग करेंहाथों को बार-बार धोएँत्वचा और होंठों की देखभालसर्दियों में त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है।

### त्वचा के लिए:

नियमित मॉइस्चराइज़र लगाएँबहुत गर्म पानी से स्नान न करेंनहाने के बाद तेल या लोशन लगाएँ

### होंठों के लिए:

लिप बाम का उपयोग करें, होंठ चाटने से बचें

### जोड़ों और मांसपेशियों का ख्याल

ठंड में जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है, विशेषकर बुजुर्गों में। हल्का व्यायाम करें, गुनगुने पानी से स्नान करें, जोड़ों को गर्म रखें।

### बच्चों के लिए विशेष सावधानियाँ

बच्चों को पूरी तरह ढककर रखेंठंडे फर्श पर न बैठने देंगर्म दूध और सूप पिलाएँमोबाइल और टीवी का अधिक उपयोग न करने दें

### बुजुर्गों के लिए विशेष देखभाल

ठंड से बचाव के पूरे इंतजाम करेंरक्तचाप और शुगर की नियमित जाँचसमय पर दवाइयाँ लेंअकेलापन न महसूस करने दें।

### व्यायाम और दिनचर्या

सर्दियों में आलस बढ़ जाता है, लेकिन शारीरिक गतिविधि जरूरी है।रोज सुबह धूप में टहलेंयोग और प्राणायाम करेंबहुत देर तक एक ही जगह न बैठें।





### नींद और मानसिक स्वास्थ्य

ठंड में नींद ज्यादा आती है, लेकिन नींद पूरी होना जरूरी है।7–8 घंटे की नींद लेंसोने से पहले मोबाइल का उपयोग कम करें।

### सकारात्मक सोच रखें

हृदय रोगियों के लिए सावधानियाँठंड में रक्तचाप बढ़ सकता हैसुबह बहुत जल्दी ठंड में न निकलेंडॉक्टर की सलाह अनुसार दवा लें


### कब डॉक्टर से संपर्क करें

लगातार बुखार सांस लेने में परेशानी सीने में दर्द अत्यधिक कमजोरी, घरेलू उपाय (सावधानी के साथ) तुलसी-अदरक की चाय हल्दी वाला दूध भाप लेना।

**ठंडी का मौसम आनंददायक होता है, यदि हम थोड़ी सावधानी बरतें। सही खान-पान, गर्म कपड़े, नियमित व्यायाम और समय पर चिकित्सा सलाह से सर्दियों को स्वस्थ और सुरक्षित बनाया जा सकता है। याद रखें —सावधानी ही सर्दियों की सबसे बड़ी सुरक्षा है।**


संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त



आज की सावधानी,
कल की मुस्कान।

समय पर जाँच
जल्दी पहचान
बेहतर इलाज


कैंसर के होने और इसके वापस आने से कैसे बचें ?

- तंबाकू के सेवन से बचें
- शराब से दूरी बनाये
- नियमित योग व व्यायाम
- संतुलित व सात्विक भोजन करें


OPEN & LAPAROSCOPIC CANCER SURGERY


ROBOTIC CANCER SURGERY


RAPID ARC RADIOTHERAPY


PET SCAN


SPECT (GAMMA CAMERA)


CHEMO/ IMMUNO THERAPY


PALLIATIVE, RESPITE & HOSPICE CARE FACILITY


IHC & FROZEN SECTION

आज ही संपर्क करें : दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, 7389905010, 07714081010